रोहतक
मंगलवार, 30 अप्रैल 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 93
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 33.0
न्यून. 23.0

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

05 तीरंदाज दीपिका टॉप्स में फिर हुई शामिल



खबर संक्षेप

जजपा ने 5 प्रत्याशियों की सूची जारी की

चंडीगढ़। लोकसभा चुनाव के लिए आखिरकार जन नायक जनता पार्टी (जजपा) ने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी। इसमें पांच प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। पांच सीटों पर पहले उम्मीदवारों का ऐलान किया जा चुका है। ब्यूरो

इनके नामों का ऐलान

सीट	प्रत्याशी
अंबाला	किरण पूनिया
कुरुक्षेत्र	पाला राम सैनी
करनाल	देवेंद्र कादियान
सोनीपत	भूपेंद्र मलिक
रोहतक	रविंद्र सांगवान

मोदी को चुनाव से अयोग्य ठहराने वाली अर्जी खारिज

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में मोदी पर देवी-देवताओं के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ यह कार्रवाई की मांग की गई थी।

अब 18 जून को होगी यूजीसी नेट परीक्षा

नई दिल्ली। यूजीसी नेट की एग्जाम डेट बदली है। यह फैसला लोक सेवा आयोग की प्रीलिम्स से डेट टकराने के चलते लिया गया। अब यह परीक्षा 18 जून को होगी। यह जानकारी यूजीसी प्रमुख जगदेश कुमार ने दी है। भाषा

जेईई एडवांस के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित जेईई मेन की परीक्षा में क्वालीफाई करने वाले छात्रों के लिए जेईई एडवांस के आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। छात्र सात मई तक जेईई एडवांस के लिए आवेदन कर सकते हैं। एनटीए की वेबसाइट पर प्रारूप जारी किया है। 26 मई को परीक्षा होगी। भाषा

प्रदेश में शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया, भिवानी-महेंद्रगढ़ व सिरसा से भी 1-1, सोनीपत से 3 नामांकन भरे गए

पहले दिन गुरुग्राम से भाजपा प्रत्याशी इंद्रजीत ने दाखिल किया नामांकन, संपत्ति 05 साल में 16 करोड़ बढ़ी

गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)। प्रदेश में सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन गुरुग्राम से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इनके अलावा भिवानी-महेंद्रगढ़ और सिरसा लोकसभा सीट से भी एक-एक नामांकन पत्र दायर किया गया। सोनीपत से 3 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। सिरसा सीट के लिए फतेहाबाद के गांव फुल्ला (रतिया) से आजाद उम्मीदवार सुरेंद्र कुमार ने रिटर्निंग अधिकारी आरके सिंह के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, वहीं, भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से एसयूसीआई कम्युनिस्ट के प्रत्याशी कामरेड रोहतास सैनी ने नामांकन दाखिल किया है। अभी नामांकन के लिए सात दिन शेष बचे हैं। जिसकी वजह से भाजपा, जजपा व कांग्रेस उम्मीदवार मई माह में ही नामांकन दाखिल करेंगे। गुरुग्राम से राव इंद्रजीत का नामांकन दाखिल करवाने सीएम नायब सिंह सैनी भी पहुंचे।

राव के साथ नामांकन भरवाने पहुंचे सीएम सैनी, किया शक्ति प्रदर्शन

भाजपा ने शक्ति प्रदर्शन भी किया। राव की तरफ से नामांकन के वक्त दायर किए हलफनामे में उनकी चल-अचल संपत्ति में पिछले 5 सालों में करीब 16 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। उनकी सालाना कमाई में भी 23 लाख रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

राव की कुल संपत्ति 58,5,92,921

राव इंद्रजीत सिंह के 5 साल पहले दिए गए हलनामे के मुताबिक, उनकी कुल चल-अचल संपति करीब 42 करोड़ रुपये थी। इस बार बढ़कर 58,5,92,921 रुपये हो गई है। उनकी सालाना इनकम 1,58,8,540 रुपये से बढ़कर 1,81,25,800 रुपये हो गई है। राव इंद्रजीत अभी भी सिर्फ दो ही कारों के मालिक हैं। उनके पास टोयटा कंपनी की 2015 मॉडल इनोवा और टोयटा की ही 2019 मॉडल कैमरी कार है। इन दोनों कारों की कीमत 60 लाख 7 हजार 53 रुपये है।

पत्नी की सालाना इनकम 39,16,310 रुपये

राव की पत्नी की सालाना इनकम 39,16,310 रुपये है। जबकि इंद्रजीत के पास 2,84,500 और पत्नी के पास 1,38,300 रुपये कैश है। राव के पास गोल्ड नहीं है। पत्नी के पास 43,59,600 रपये की 700 ग्राम गोल्ड की ज्वेलरी है। 4,63,500 की डायमंड ज्वेलरी है। कुल ज्वेलरी की कीमत 48,23,500 रुपये है। राव के पास 7,46,41875 कीमत की कृषि योग्य भूमि, 2,20,58000 की नॉन एग्रीकल्चर, 4 करोड़ 80 लाख की कमर्शियल और 34 करोड़ 85,99, 875 की रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी है।

2019 में भी सबसे ज्यादा संपत्ति के मालिक थे राव

राव इंद्रजीत की तरफ से 2019 में दायर किए हलफनामे के मुताबिक, उस समय भी वे हरियाणा में सबसे अमीर सांसदों में शामिल थे। उनके पास 3 लाख 88 हजार 3400 रुपये कैश था। उनकी पत्नी के पास 1 लाख 80 हजार रुपये की नकदी थी, वे इनोवा, होंडा सिविक और टोयोटा कैमरी गाड़ी के मालिक हैं। 2019 में राव इंद्रजीत ने 1 करोड़ 58 लाख 8 हजार 540 इनकम टैक्स रिटर्न भरा था।उनकी पत्नी ने 13 लाख 40 हजार 140 रुपये टैक्स भरा। 2019 में 40 लाख 82 हजार 700 के शेयर थे। पत्नी के पास 2 करोड़ 70 लाख 73 हजार 110 के शेयर थे। हलफनामे के मुताबिक पत्नी के पास 20 लाख 57 हजार 300 का गोल्ड था। 36 लाख 71 हजार 931 रुपए की ज्वेलरी थी।

पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामला

सीबीआई जांच के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षक भर्ती मामले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की सीबीआई जांच का निर्देश देने संबंधी कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को रद करने के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट नियुक्तियां रद करने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने नियुक्तियां रद करने के फैसले पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि वह मामले पर छह मई को सुनवाई करेगी। यह देखते हुए कि लगभग 25,000 लोगों की नौकरियां छीनना एक गंभीर मामला है, शीर्ष अदालत ने पूछा कि क्या उपलब्ध सामग्री के आधार पर वैध और अवैध नियुक्तियों को अलग करना और यह पता लगाना संभव है कि धोखाधड़ी से नौकरी पाने के लाभार्थी कौन हैं?

खास बातें

- कलकत्ता हाईकोर्ट से 26 हजार शिक्षकों का लगा था झटका
- सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने की सुनवाई
- शीर्ष अदालत ने पूछा, क्या इन नियुक्तियों में सही गलत को अलग किया जा सकता है
- सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 6 मई को
- हाईकोर्ट ने 8 साल की सैलरी 12% ब्याज के साथ लौटाने के दिए थे आदेश

पीठ ने यह कहा

पीठ ने कहा, 'हम उस निर्देश पर रोक लगाएंगे, जिसमें कहा गया है कि सीबीआई राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ आगे की जांच करेगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा था कि सीबीआई अवैध नियुक्तियों को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त पद के सृजन को मंजूरी देने में शामिल राज्य सरकार के अधिकारियों की भूमिका के संबंध में आगे की जांच करेगी।हाईकोर्ट ने कहा था कि यदि आवश्यक हुआ तो सीबीआई इसमें शामिल ऐसे लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करेगी। आदेश को चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर अपनी अपील में कहा कि उच्च न्यायालय ने नियुक्तियों को 'मनमाने ढंग से' रद कर दिया।

याचिका में यह दलील

याचिका में कहा गया, 'उच्च न्यायालय पूरी चयन प्रक्रिया को रद करने से पड़ने वाले प्रभाव को समझने में विफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षक व गैर-शिक्षण कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। याचिकाकर्ता (राज्य) को ऐसी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त समय दिए बिना शिक्षा प्रणाली को ठप कर दिया गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह चयन प्रक्रिया को 'अमान्य' घोषित कर दिया और सीबीआई को नियुक्ति प्रक्रिया की जांच करने का निर्देश दिया। इसने केंद्रीय एजेंसी को तीन महीने के भीतर एक रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 25 हजार बहुत बड़ी संख्या है। 25 हजार नौकरियां ले ली गईं, ये बड़ी बात है, जब तक कि हम यह ना जान लें कि सबकुछ धोखाधड़ी से भरा हुआ था। हम इस पर 6 मई को सुनवाई करेंगे।

जांच में सिर्फ 8000 नियुक्तियों में खामियां

वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने हाईकोर्ट के फैसले पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सभी नियुक्तियों को खारिज कर दिया गया है, जबकि सीबीआई को अब तक जांच में सिर्फ 8000 नियुक्तियों में खामियां मिली हैं। स्कूल सर्विस कमीशन ने भी कहा कि जो नियुक्तियां सही तरह से हो सकती थीं, उन्हें अलग किया जा सकता था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल को 2016 में की गई 25 हजार 753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। हाईकोर्ट ने इन शिक्षकों को 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी 12% इंटरेस्ट के साथ लौटाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके लिए कोर्ट ने 6 हफ्ते का समय दिया है।

रोहतक के छात्र ने कोटा में की खुदकुशी माता-पिता ने जताई हत्या की आशंका

कोटा (भाषा)। राजस्थान में कोटा के कुन्हारी इलाके में राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय छात्र ने छात्रावास के कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक के माता-पिता को संदेह है कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस के अनुसार, कोटा में इस साल अब तक एनईईटी या जेईई अभ्यर्थी द्वारा आत्महत्या करने का यह 7वां मामला है। मृतक छात्र सुमित पांचाल रोहतक का रहने वाला था और एक साल से यहां एक कोचिंग संस्थान में एनईईटी की तैयारी कर रहा था। माता-पिता ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

छात्रावास में उसके कमरे के पंखे से लटका मिला शव

- एनईईटी की तैयारी कर रहा था 20 वर्षीय सुमित
- माता-पिता ने लगाए हत्या के आरोप, जांच की मांग
- इस साल कोटा में आत्महत्या का यह सातवां मामला

यह बोले जांच अधिकारी

मामले की जांच कर रहे सहायक उपनिरीक्षक कप्तान ने कहा कि सुमित के माता-पिता की मांग पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। छात्रावास के कर्मचारियों द्वारा उसके शव को देखे जाने से लगभग नौ घंटे पहले उसने फांसी लगा कर आत्महत्या की थी। पंचाल का शव रविवार रात लैंडमार्क सिटी में स्थित छात्रावास में उसके कमरे के पंखे से लटका मिला। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पांचाल को अगले महीने एनईईटी की परीक्षा देनी थी।

यह बोले परिजन

शव लेने के लिए कोटा पहुंचे मृतक के पिता, चाचा और दादा ने गड़बड़ी का संदेह जताया और दावा किया कि उनके भतीजे ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या की गई है। चाचा सुरेंद्र पांचाल ने कहा, 'सुमित पढ़ाई में अच्छा था। वह आत्महत्या नहीं कर सकता।' उसकी गर्दन में घाव इतना गहरा है कि यह फांसी लगाने से नहीं हो सकता।

सोनीपत में हादसा, बच्चे समेत 4 श्रद्धालुओं की मौत, 6 गंभीर

सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)। गांव करेवड़ी के पास ईको कार पुलिया से टकरा गई। इस हादसे में बच्चे समेत 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मरने वालों में बच्चा, उनकी बहन, नानी और मौसी शामिल हैं। चालक सहित 7 लोग घायल हैं। घायलों को महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर व सोनीपत में भर्ती कराया गया है। मोहाना थाना प्रभारी इस्पेक्टर अरूण कुमार ने कहा, आरोपित चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शाहबाद डेयरी दिल्ली निवासी पूजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह संतरा (58) कविता (38), दामाद अशोक, सत्य के बेटे जिज्ञांश (तीन माह), बेटी ढीलू (17), दीपिका (12), चीकू (6) और अशोक की बेटी दीशू, दीपू व बेटे प्रिंस के साथ ईको से गुरुग्राम माता शीतला के दर्शन करने गए थे। गाड़ी पड़ोसी धर्मबीर चला रहा था। गुरुग्राम से वे पानीपत स्थित सींक पाथरी माता के दर्शन करने चले गए। इसके बाद वे मुरथल स्थित बाबा बावरिया पर दर्शन करने निकले थे। पानीपत-गोहाना-सोनीपत आ रहे थे। तभी हादसा हो गया।

इनकी मौत
हादसे में जिज्ञांश, उनकी बहन दीपिका, नानी संतरा व मौसी कविता की मौके पर ही मौत हो गई।

ये घायल
पूजा, उनकी बेटी चीकू, अशोक, उनकी बेटी दीशू व बेटा प्रिंस और चालक धर्मबीर घायल हो गए।

मसूरी में घूमने गए तीन दोस्तों की मौत

गन्नौर(हरिभूमि न्यूज)। उत्तराखंड के मसूरी में घूमने निकले गन्नौर क्षेत्र के 3 दोस्तों की कार हाथी पांव रोड के पास 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे तीनों की मौत हो गई। मरने वालों में विकास त्यागी गांव बड़ी, राजपाल गांव शाहपुर तगा और ओमप्रकाश प्रधानावास मोहल्ला, बादशाही रोड शामिल हैं। एसडीआरएफ की टीम ने एक शव को कार से बाहर निकाला, जबकि दो शव कार से बाहर बरामद हुए। बताया जा रहा है कि मरने वाले तीनों दोस्त प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। तीनों शनिवार को हरिद्वार व मसूरी घूमने गए थे।

कार गहरी खाई में गिरने से हादसा मरने वाले गन्नौर क्षेत्र के रहने वाले

शाह का फर्जी वीडियो मामला

दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के सीएम को तलब किया

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी को समन जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया है। दिल्ली पुलिस रेवंत से 1 मई को पूछताछ करेगी। पुलिस ने रविवार को एफआईआर दर्ज की थी। वायरल वीडियो में शाह एससी/एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने की बात करते दिख रहे हैं। हालांकि न्यूज एजेंसी पीटीआई के फैक्ट चेक में ये वीडियो फेक साबित हुआ है। इस एडिटेड वीडियो को वायरल करने को लेकर एक शिकायत भाजपा ने और दूसरी शिकायत गृह मंत्रालय ने की थी।

रेवंत से एक मई को की जाएगी पूछताछ

सुप्रीम कोर्ट का केजरी से सवाल

आपने समन नजरअंदाज क्यों किए, सुनवाई आज

नई दिल्ली (एजेंसी)। शराब नीति मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। बेंच ने केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा-आप गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ हैं। आपने जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट में आवेदन क्यों नहीं किया? समन नजरअंदाज क्यों किए। इस पर सिंघवी ने कहा कि गिरफ्तारी अवैध है इसलिए ऐसा नहीं किया। इस पर ईडी के वकील एसवी राजू ने कहा कि इन्होंने पिछली कस्टडी का भी विरोध नहीं किया। आपको नोटिस भेजे गए थे। आपने नजरअंदाज कर दिए।

जमानत के लिए याचिका क्यों नहीं डाली

इंदौर में सियासी घटनाक्रम

कांग्रेस प्रत्याशी बम ने नामांकन वापस लिया

इंदौर (हरिभूमि न्यूज)। इंदौर लोकसभा सीट से बतौर कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने वाले अक्षय कांति बम ने सोमवार को पर्चा वापस ले लिया। वे कैलाश विजयवर्गीय और भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। नामांकन वापस लेने के बाद भाजपा में शामिल हो गए। इंदौर में भी सूरत की तरह घटनाक्रम घटित हो रहा था पर ऐसा नहीं हुआ। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट की तरह बचे हुए उम्मीदवारों के नामांकन वापस कराकर इंदौर में भी निर्विरोध जीत की संभावना बन रही थी। लेकिन 23 में से 9 उम्मीदवारों ने ही नाम वापस लिए। अब भाजपा के शंकर लालवानी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं।

एमपी में भाजपा का ऑप्रेशन सूरत-2

अच्छी खबर | छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं पर्यावरणविद् शुक्ला

गोल्डमैन एनवायरन्मेंटल पुरस्कार से सम्मानित होंगे, दुनियाभर से सात का चयन

हसदेव अरण्य बचाने में योगदान के लिए आलोक शुक्ला को 'ग्रीन नोबल' अवॉर्ड

अंबिकापुर (हरिभूमि न्यूज)। छत्तीसगढ़ के पर्यावरणविद् आलोक शुक्ला को गोल्ड मैन एनवायरन्मेंटल पुरस्कार 2024 दिया जाएगा। इसे ग्रीन नोबल पुरस्कार भी कहा जाता है। इस साल यह अवॉर्ड भारत के आलोक शुक्ला सहित दुनियाभर से 7 लोगों को प्रदान किया जा रहा है। आलोक 'हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समित' के संयोजक भी हैं। शुक्ला को यह पुरस्कार अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में दिया जाएगा। आलोक को यह सम्मान मिलने पर हसदेव के आदिवासियों और जंगल बचाने में जुटे कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है।

इन्हें सम्मान

- एशिया से छत्तीसगढ़, भारत के आलोक शुक्ला
- अफ्रीका से दक्षिण अफ्रीका के नॉनहले मबुथुमा और सिनेगुगु जुकुलु
- यूरोप से स्पेन के टेरेसा विसेंट
- ऑस्ट्रलिया से मुर्राबाह मारूची जॉनसन
- उत्तरी अमेरिका से यूएसए के एंड्रिया विडौरें
- दक्षिण अमेरिका से ब्राजील के मार्सेल गोम्स

इसलिए दिया जा रहा है अवार्ड

अवॉर्ड देने वाली संस्था गोल्ड मैन एनवायरन्मेंटल फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि छत्तीसगढ़ में करीब 4,45,000 एकड़ में फैले घने हसदेव जंगल को बचाने के लिए आलोक शुक्ला ने काम किया। इस इलाके में 23 कोयला खदानें हैं। संस्था की ओर से बताया गया कि जुलाई 2022 में सरकार ने हसदेव अरण्य में 21 प्रस्तावित कोयला खदानों को रद कर दिया। हसदेव को छत्तीसगढ़ के फेफड़े के रूप में जाना जाता है। यह जंगल जैव विविधता से भरा हुआ है।

आलोक ने कहा खुशी का पल

अवॉर्ड लेने शुक्ला सैन फ्रांसिस्को पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह खुशी का पल है। हमारे इतने वर्षों के कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। ग्रीन नोबल पर्यावरण के लिए दिया जाने वाला दुनिया का सबसे बड़ा अवॉर्ड है। यह सम्मान हसदेव के समृद्ध जंगल, पर्यावरण बचाने के लिए 12 वर्षों से संघर्षरत आदिवासियों और इस आंदोलन से जुड़े प्रत्येक नागरिक का है।

गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार

गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार की स्थापना 1989 में सैन फ्रांसिस्को के दिवंगत नागरिक नेताओं और परोपकारी रिचर्ड और रोडा गोल्डमैन की ओर से की गई थी। पुरस्कार विजेताओं का चयन अंतरराष्ट्रीय जूरी करती है। इसके लिए विश्व स्तर पर नामांकन मांगे जाते हैं।

रोचक इस बार देवीलाल के परिवार व उनके शिष्य के बीच होगा हिसार का रण

जयप्रकाश ने देवीलाल से सीखे थे सियासत के गुर, अब हिसार से रणजीत, नैना और सुनैना चौटाला को दे रहे टक्कर

राजेश्वर बैनीवाल ▶▶ हिसार

लोकसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों द्वारा प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही अब चुनावी युद्ध शुरू हो चुका है। हिसार लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों पर नजर दौड़ाई जाए तो वे भले ही अलग-अलग दल से हो परंतु सभी प्रमुख उम्मीदवार सामाजिक रूप से एक ही स्थान के हैं। ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि किसी समय एक परिवार का हिस्सा रहे लोगों के बीच हिसार का चुनाव हो रहा है। हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने चौ. देवीलाल के पुत्र रणजीत सिंह को उम्मीदवार बनाया है और उनका चुनाव प्रचार चल रहा है। इसी तरह इनेलो की ओर से चौ. देवीलाल परिवार की बहू सुनैना चौटाला व जजपा की ओर से इसी परिवार की बहू नैना चौटाला मैदान में उतरी है। सबसे बाद में कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरे जयप्रकाश भले ही इस परिवार से न हो लेकिन इस परिवार का हिस्सा, या यूं कहा जाए कि किसी समय उनसे जुड़े अवश्य रहे हैं। जयप्रकाश ने किसी समय चौ. देवीलाल की पाठशाला से ही राजनीति शुरू की थी और वे इस परिवार के काफी करीब रहे हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि यहां का चुनाव एक परिवार व उनके नजदीकियों के बीच हो रहा है।

जनसंपर्क में जुटे रणजीत चौटाला

चुनाव व उम्मीदवारी की घोषणा होने के साथ ही भाजपा के रणजीत चौटाला ने अपना जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया। टिकट की घोषणा के साथ ही वे हिसार आए, संगठन के नेताओं व अपने समर्थकों से मिले और चुनावी समर में कूद पड़े। हालांकि कई स्थानों पर उनका किसान संगठनों ने विरोध किया लेकिन देखा जाए तो अन्य उम्मीदवारों की अपेक्षा वे चुनाव प्रचार में अग्रणी बने हुए हैं।

सुनैना ने उम्मीदवारी से पहले शुरू किए दौरे

इनेलो की उम्मीदवार सुनैना चौटाला की उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा काफी बाद में हुई लेकिन इसे तय मानकर वे पहले से ही जनसंपर्क अभियान में जुट गई। जब तक उनकी उम्मीदवारी की घोषणा हुई, तब तक उन्होंने हिसार लोकसभा क्षेत्र का एक दौरा का जनसंपर्क पूरा कर लिया। वे गांवों में ताऊ देवीलाल की नीतियों का जिक्र करके अपने पक्ष में समर्थन जुटाने का प्रयास कर रही हैं।

दुष्यंत ने संभाली नैना के प्रचार की कमान

पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला अपनी माता एवं जजपा प्रत्याशी नैना चौटाला के प्रचार की कमान संभाले हुए है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर विरोध के बाद खुद नैना चौटाला भी शहरी क्षेत्र व गैर जाट क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार को ज्यादा तवज्जो दे रही है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि इस बाद नैना चौटाला के खेमें में जहां उत्साह का अभाव है वहीं वे लोग उनसे दूर है, जो पिछले चुनाव में अग्रिम पंक्ति में थे। अनेक लोगों के इस्तीफे व संगठन टूटने की वजह से क्षीण हुई जजपा की शक्ति कार्यक्रमों में स्पष्ट तौर पर देखी जा सकती है। यही वजह है कि खुद दुष्यंत को यहां रहकर माता के चुनाव प्रचार को गति देने का प्रयास करते देखे जा सकता है।

जयप्रकाश अब शुरू करेंगे जनसंपर्क

कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश चुनाव प्रचार में अब तक सबसे ज्यादा पिछड़े हुए हैं। कांग्रेस की ओर से प्रत्याशियों की सूची तीन दिन पहले ही जारी किए जाने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस की ओर से कई लोग उम्मीदवारी की बाट जोह रहे थे लेकिन इसमें जयप्रकाश ने बाजी मार ली। अब वे जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगे, देखना है कि अपने अभियान को कितनी गति दे पाते हैं।

सियासी हलचल

घर से मतदान के लिए बुजुर्गों को भरना होगा 12-डी फॉर्म

चंडीगढ़। लोकसभा आम चुनाव के चलते स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।कोई भी योग्य पात्र व्यक्ति मतदान करने से वंचित न रहे, जिसके लिए मतदाताओं को विशेष सुविधाएं प्रदान करते हुए मतदान प्रक्रिया में सहभागी बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 40 प्रतिशत या उससे अधिक प्रतिशत रखने वाले दिव्यांग व्यक्ति व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग को घर से मतदान करने की वैकल्पिक सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है।उन्होंने बताया कि 40 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग को घर से मतदान करने के लिए फार्म-12 डी भरकर अपनी सहमति देते हुए अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन करना होगा।

भाजपा के खिलाफ प्रदेश की जनता में गुस्सा : अनुराग ढांडा

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने सोमवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता की। इस दौरान अंबेडकर युवा मंच हरियाणा के पूर्व उपाध्यक्ष सोहिल साढौरा के नेतृत्व में कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूरे हरियाणा में बीजेपी के खिलाफ गुस्सा है। जब तक हमारे सहयोगी दल ने उम्मीदवार भी घोषित नहीं किए थे उससे पहले ही नजर आ रहा था कि इस बार मुकाबले में बीजेपी बुरी तरह हार रही है। अब इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा होने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट है कि बीजेपी हरियाणा बुरी तरह से हार रही है। इस चुनाव में बीजेपी का ऐसा हश्र होने वाला है जो इतिहास में पहले कभी किसी दल का नहीं हुआ। हरियाणा में लोग भाजपा के खिलाफ मतदान करेंगे।

किरण चौधरी बोलीं, इंटरनल सर्वे में हम टिकट के लिए आगे थे

श्रुति 56% व दान सिंह 32% पसंद थे, फिर भी टिकट कटी

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

कांग्रेस नेत्री किरण चौधरी व उनकी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी सोमवार नारनौल पहुंचकर कार्यकर्ताओं से रूबरू हुई। इस दौरान मीडिया से बातचीत में किरण चौधरी ने कहा कि पार्टी में उठक-पठक चलती रहती है। पार्टी जो फैसला लेती है, सह सर्वमान्य है। मसलन सच बताऊ तो हमें भी झटका लगा। पार्टी का इंटरनल सर्वे हुआ था, उसमें श्रुति 56 प्रतिशत पर थी और राव दानसिंह 32 प्रतिशत पर थे। यह खुद पार्टी का सर्वे था। इसलिए हमें तो कंफर्म था कि कोई प्रॉब्लम है ही नहीं लेकिन कहीं ना कहीं कोई बात...हमें तो मालूम नहीं है क्या हुआ। पार्टी ने फैसला लिया है। हम तो पार्टी के समर्पित सिपाही है और पार्टी से बंधे हुए है।

- पार्टी की पूर्व सीएलपी लीडर ने नारनौल में समर्थकों से भेंट कर मन की बात जानी

एनसीआर में शामिल करवाया

उन्होंने कहा कि जब श्रुति सांसद थी, तब सोनिया गांधी व कमलनाथ के पीछे पड़कर महेंद्रगढ़ को एनसीआर में शामिल करवाया। श्रुति ने जब स्पष्ट कहा कि महेंद्रगढ़ उसका घर है या तो भिवानी भी हटाया या दोनों जिलों को एनसीआर में शामिल करो। तब जाकर बड़ी मुश्किल से इस जिला को एनसीआर में शामिल करवाया। उन्होंने कहा कि पिछली बार मोदी लहर थी। आपने भी देखा होगा। देश में ऐसे कई नेता हार गए। फिर भी श्रुति ने हार नहीं मानी। कार्यकर्ताओं के साथ जुड़ी रही। हमने उस समय कांग्रेस का झंडा उठाया, तब कोई झंडा उठाने को भी तैयार नहीं था।

हम पीछे हटने वालों में से नहीं : किरण चौधरी

कांग्रेस नेत्री ने कहा कि हमने विपरित स्थिति में पार्टी के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि हम ओर मजबूती से काम करेंगे। हमारे कार्यकर्ता जो जुड़े है, उनकी आशाएं हमारे साथ जुड़ी है। उन पर खरा उतरने के लिए चाहे उलटा लटकना पड़े, हम पीछे हटने वालों में नहीं है।

श्रुति बोलीं...बेशक आज कोई बाजी मार गया, लेकिन यह अंतिम बाजी नहीं

पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने कार्यकताओं से कहा कि कभी भी अपने जहन में यह बात मत लाना कि अब यह क्षेत्र छुट गया है। बहुत से यहां के भाईयों ने फोन करके कहा कि बहनजी, अब आप लड़ोंगे नहीं तो क्षेत्र में आओंगे नहीं। कभी भी आप ऐसा मत सोचना। मेरा और आपका जुटाव लगाव वो राजनीति से कहीं ज्यादा गहरा है। चौधरी बंसीलाल व चौधरी सुरेंद्र सिंह के समय में ऐसे कई बार मोड़ आए, लेकिन उन परिस्थितियों से वह उमड़ कर परिर्वतन करके आगे बढ़े और ओर भी आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हुआ। यह तो राजनीति है जीवन की तरफ, परिश्रम करना हमारा काम है सच्चाई व लगन के साथ और उसका नतीजा एक ना एक दिन जरूर परमात्मा देगा। आप फिक्र ना करें राजनीति लंबी है। अभी तो बहुत राह आगे है। बेशक आज कोई ओर बाजी मार गया हो, लेकिन यह अंतिम बाजी नहीं है। हौंसला ऊंचा रखो। हम सच्चे लोग है। सच्चा काम किया है। मेरे हर कार्यकर्ताओं को नीचे देखने की जरूरत नहीं। मायूस होने की जरूरत नहीं। आप एक ना एक दिन भगवान की दया से हरियाणा की चरम सीमा पर काम करोंगे। हम कांग्रेस के सिपाही है उसकी मजबूती के लिए काम करेंगे।

एक टिकट कटने से हम मरे नहीं : किरण

कार्यकर्ताओं से किरण चौधरी ने कहा कि राजनीति खत्म नहीं हुई है। राजनीति जब खत्म समझना जब हमारा राम-नाम सत्य हो जाएगा। हमने आपके लिए लड़ाई लड़ी और इस बार निश्चित तौर पर जीतने का मौका था लेकिन ऊपर वाले को कुछ ओर मंजूर था। हमनें ऐसा कोई धंधा नहीं किया, कोई घोटाला नहीं किया ना ही कोई भ्रष्टाचार किया। अपना कर्म किया है। एक टिकट कटने से हम मरें नहीं है। हमारे कार्यकर्ता के साथ अगर कोई बात होती है तो हम डटकर खड़े है। पार्टी का झंडा लेकर आगे हमें चलना है।

मीडिया के सवाल किरण के जवाब... **-इस सीट के लिए आप कितनी आश्वस्त है** मीडिया के इस सवाल पर किरण चौधरी ने कहा कि हार-जीत बता दूं मैं भविष्यवक्ता तो हूं नहीं। मैंने मेरे जीवन में ऐसे दावे कभी नहीं किए। यह 15 दिन की कहानी है, इसमें पता तो चल ही जाएगा। मुझे क्या पता, यह तो जनता पर निर्भर है।

-हरियाणा में कांग्रेस की कितनी सीट आ रही है? इस सवाल पर किरण चौधरी ने कहा कि फिर वहीं बात सामने आ गई। मैं तो 10 की 10 सीट कहूंगी। यह तो जनता पर निर्भर करेगा। मैं कह दूं फिर मेरी जुबान गलत हो, वो काम मैं कभी नहीं करती। मैं स्पष्टवादी हूं।

नाराज चल रहे कुलदीप और भव्य ने मनोहर लाल के साथ किया मंच साझा

हिसार। हिसार लोकसभा क्षेत्र से टिकट कटने के बाद कोपभवन में चल रहे पार्टी नेता कुलदीप बिश्नोई सोमवार को पहली बार राजनीति के मैदान में आए। उन्होंने आदमपुर में हुई पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की विजय संकल्प रैली में मंच सांझा करके पार्टी उम्मीदवार रणजीत सिंह के लिए वोट मांगे। उनके विधायक बेटे भव्य बिश्नोई व उनके समर्थक भी रैली में मौजूद रहे। बता दें कि हिसार लोकसभा क्षेत्र से टिकट न मिलने पर नाराज चल रहे कुलदीप बिश्नोई, उनके विधायक बेटे भव्य बिश्नोई व उनके समर्थक पार्टी कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए थे। कुछ दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल को भ्रष्टाचारी बताए जाने के बाद यह तल्खी और ज्यादा बढ़ गई थी। इस टिप्पणी के बाद पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी ट्रोल हुए थे।

पूर्व मुख्यमंत्री के समाधि स्थल पर पुष्प किए अर्पित

खास बात यह रही कि कैमरी गांव में हुई रैली में मनोहर लाल ने पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल पर अप्रत्यक्ष रूप से प्रहार करके उन्हें भ्रष्टाचारी साबित करने का प्रयास किया, उसके विपरीत सोमवार को वे सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री के समाधिस्थल पर पहुंचे और उन्हें पुष्प अर्पित किए।

कांग्रेस सर्वसमाज हितैषी पार्टी : सैलजा

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की प्रत्याशी कुमारी सैलजा ने कहा कि मोदी सरकार जनता को मुद्दों से भटका रही है जबकि राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे देश की जनता को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रहे है। हमारी लड़ाई एक ऐसी विचारधारा के साथ है जो देश को धर्म व जाति के नाम पर बांटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पांच न्याय की 25 गारंटियों के तहत सभी वर्गों को लाभ दिया जाएगा।

राव इंद्रजीत को मिली ताकत, सभी नेता एक मंच पर

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर एक बार फिर से परचम लहराने के लिए सीएम नायब सिंह सैनी और पूर्व सीएम मनोहरलाल खुलकर पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने की दिशा में ग्राउंड लेवल पर काम कर रहे हैं। हर सीट पर पार्टी नेताओं के मतभेद खत्म करने की दिशा में सफल प्रयास किए जा रहे हैं। नारनौल में कई विरोधी भाजपा नेताओं को एकमंच पर लाने के बाद सीएम नायब सिंह सैनी ने सोमवार को गुरूग्राम में नामांकन के दौरान भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के तीन धुर विरोधी नेताओं राव नरबीर सिंह, डा. सुधा यादव व जीएल शर्मा को एकमंच पर ला दिया।

मुख्यमंत्री ने करवाया नामांकन

जल्द ही पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास और पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव भी राव के पक्ष में खुलकर मैदान में उतर सकते हैं। इस समय पार्टी का प्रयास है कि सभी नेताओं को एकजुट करते हुए प्रदेश की दस लोकसभा सीटें पीएम मोदी की झोली में डाली जाएं। इसके लिए नाराज नेताओं को मनाने की कवायद भी तेजी से चल रही है। पहले नारनौल में सीएम की विजय संकल्प रैली में धुरंधर नेता एकमंच पर नजर आए। सोमवार को राव इंद्रजीत सिंह के नामांकन दाखिल करने के अवसर पर राव नरबीर सिंह, डा. सुधा यादव और जीएल शर्मा तीनों मंच पर एक साथ नजर आए। डा. सुधा यादव यादव और राव नरबीर के साथ राव इंद्रजीत सिंह के राजनीतिक मतभेद नए नहीं हैं, जबकि जीएल शर्मा की राव से दूरी कुछ समय पहले ही बनी थी। राव के भाजपा में शामिल होने से पहले जीएल शर्मा उनके काफी करीबी माने जाते थे, लेकिन राजनीतिक मतभेदों के चलते वह बाद में राव नरबीर सिंह खेमे में शामिल हो गए थे। प्रदेश सरकार में उन्हें चेयरमैनी भी मिल गई थी। इन नेताओं के एकमंच पर आने के बाद गुरूग्राम में पार्टी प्रत्याशी की पॉजीशिन तो मजबूत होगी।

एक बुलावे पर आ सकते हैं कापड़ीवास

पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास को भाजपा ने गत विधानसभा चुनावों के बाद 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया था। पार्टी के वरिष्ठ और जनाधार वाले नेता होने के नाते तत्कालीन सीएम मनोहरलाल ने प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी के साथ कापड़ीवास को दोबारा भाजपा में शामिल कर लिया था।

अरविंद यादव को भी नहीं कोई गुरेज

राव के चुनाव प्रचार को लेकर पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव को भी कोई गुरेज नहीं है। उनका कहना है कि गत विधानसभा चुनावों के दौरान जो कुछ हुआ, वह सिर्फ आपसी गलतफहमी के कारण हुआ। उन्हें राव से कोई शिकायत नहीं है। चूंकि उन्हें प्रदेश कार्यालय की जिम्मेदारी मिली हुई है, इसलिए वह ज्यादा समय वहीं दे रहे हैं।

भिवानी-महेंद्रगढ़ | **कांग्रेस उम्मीदवार गोकलगढ़ पहुंचे, पूर्व सीएम के पौत्र अनिरूद्ध चौधरी साथ रहे**

राव दान सिंह ने बंसीलाल की समाधि पर पुष्प अर्पित कर शुरू किया चुनाव प्रचार

किरण चौधरी की टिप्पणी पर बोले, वह कांग्रेस की सिपाही, हमें नेगेटिव बातें छोड़कर आगे बढ़ना है

पुरुषोत्तम तंवर ▶▶ भिवानी

कांग्रेस ने जिस बंसीलाल की पोती का टिकट काटा, सोमवार को कांग्रेस उम्मीदवार राव दानसिंह गांव गोकलगढ़ पहुंचे व बंसीलाल की समाधि के सामने नतमस्तक हुए। शुक्रवार को कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद बेटी की टिकट कटने के बाद पहली बार कार्यकर्ताओं से रूबरू हुई बंसीलाल की पुत्रवधू किरण चौधरी ने मजबूत उम्मीदवार होते हुए श्रुति की टिकट कटने का दुख शेयर किया था। जिसमें उन्होंने बिना नाम लिए भूपेंद्र सिंह हुड्डा व राव दानसिंह पर भ्रष्टाचार व भूमिया तमगों से नवाजा था। इतना ही नहीं किरण ने पार्टी के फैसलें का स्वीकार करते हुए कहा था कि राव दानसिंह ने 2019 के चुनाव में श्रुति की मदद कर जो मदद की थी, हम उससे अधिक मजबूती के साथ उनकी मदद करेंगे। 2019 के लोकसभा चुनाव में राव दानसिंह के प्रभाव वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों में श्रुति को हार का सामना करना पड़ा था। किरण व श्रुति की नाराजगी को भांपते हुए टिकट मिलने के बाद पहली बार भिवानी पहुंचे राव दानसिंह बंसीलाल के पौत्र अनिरूद्ध को साथ लेकर गांव गोकलगढ़ पहुंचे और बंसीलाल की समाधि के सामने सिर झुकाया।

18 साल में पहली बार पहुंचे

हरियाणा में विकास व लौह पुरुष के नाम से विख्यात चौ. बंसीलाल का निधन 2006 में हुआ था। इन 18 सालों में राव दानसिंह का कई बार भिवानी आना-जाना हुआ, परंतु आज से पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। बंसीलाल के दूसरे बेटे रणबीर महेंद्रा व पोत्र अनिरूद्ध भी राजनीति में सक्रिय हैं, किरण व श्रुति को बंसीलाल की राजनीति के वारिस माने जाते हैं तथा बंसीलाल समर्थक भी श्रुति का टिकट कटने से नाराज हैं। बंसीलाल की मौत के 18 साल बाद राव दानसिंह के मन में बंसीलाल के प्रति उमड़ी श्रद्धा को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

परिवार उनके साथ

टिकट मिलने के बाद पहली बार भिवानी पहुंचे राव दान सिंह ने कहा किरण चौधरी कांग्रेस परिवार का हिस्सा हैं। किरण की टिप्पणी पर कहा कि हमें नेगेटिव सोचने की जरूरत नहीं है, बल्कि सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना है। इसका यह अर्थ निकलता है कि किरण चौधरी कांग्रेस पार्टी की सिपाही है। पूर्व विधायक रणबीर सिंह महेंद्रा के पुत्र अनिरूद्ध चौधरी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि विकास पुरुष स्व. बंसीलाल के पौत्र अनिरूद्ध चौधरी साथ में है।

धर्मबीर के गढ़ में सेंध लगाने का प्रयास

कांग्रेस उम्मीदवार राव दान सिंह ने सोमवार को जुई इलाके में कई जगह आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह के गढ़ में सेंध लगाने का प्रयास किया। इस दौरान अनेक सरपंच व पंचों ने राव साहब की अगुवाई में कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान किया। एक बार तो उक्त पंच व सरपंच कांग्रेस में आस्था जता गए,लेकिन देखना ये है कि राव साहब का साथ देते है या फिर किसी दूसरी जगह पर जाते है। विगत में सांसद धर्मबीर सिंह ने महेंद्र जिले में यादव वोटरों में कार्यक्रम का आयोजन करके राव दान सिंह के गढ़ में सेंध लगाने का मैसेज दिया था। अब राव साहब का जुई में कार्यक्रम आयोजित करके इसी तरह का संदेश देने का प्रयास किया है।

हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के विजेताओं के नाम

सुनिश्चित पुरस्कार

401. घनश्याम, पताः बस स्टैंड/ नागंल चौधरी पिन, 123023, 402. पुष्पा /पत्नी श्री घनश्याम , पताः नागंल चौधरी पिन, 123023, 403. घनश्याम सुपुत्र छज्जूराम, पताः नागंल चौधरी पिन, 123023, 404. दीपक भारद्वाज , पताः नागंल चौधरी पिन, 123023, 405. सविता पत्नी राजसिंह म.नं. 165 वार्ड नं. 2 इंदिरा कॉलोनी, रोहतक 124001, 406. महावीर सिंह सुपुत्र श्री सरदार सिंह पताः सिलारपुर ,अटेली, 407. रीना सुपुत्री राजेश गांव बत्वा, कनीना, कोसली, रेवाड़ी 123303, 408. सुनीता, पताः नागंल चौधरी पिन, 123023, 409. दीपू सुपुत्र हरद्वारी पताः निजामपूर, महेंद्रगढ, पिन, 123023, 410. ग्यारसी देवी पत्नी /श्री हरद्वारी पताः गांव निजामतपुर पिन 123023, 411. करिशमा / पत्नी श्री दीपू पताः गांव निजामतपुर पिंन 123023, 412. लव्या सुपुत्री दीपक, नागंल चौधरी पिन 123023, 413. विभव सुपुत्र दीपक , नागंल चौधरी पिन 123023, 414. सुनीता , नागंल चौधरी पिन 123023, 415. हंसराज चुघ सुपुत्र श्री चम्बाराम म. नं. 318 वार्ड नं. 4 हकीकत नगर रेलवे रोड, जींद 126102, 416. कृष्ण कुमार सुपुत्र सूरज सिंह गांव व डा. नांगली गोधा रेवाड़ी 1234001, 417. पिंकी देवी पताः गांव गागडवास तहसील कनीना , 418. धर्मेंद्र सुपुत्र अमर सिंह गांव बत्वा, कनीना, कोसली, रेवाड़ी 123303, 419. साहिल जैन सुपुत्र सतीश जैन भिवानी स्टैंड रोहतक 124001, 420. झम्मन लाल कलशन सुपुत्र श्री गणपत सिंह पताः गांव धनौन्दा, 421. राजबीर सिंह सुपुत्र फतेह सिंह न्यू कृष्णा कॉलोनी, जींद 126102, 422. हार्दिक अग्रवाल सुपुत्र श्री हेमंत कुमार मौ. चान्दूवाडा, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 423. जसबीर सुपुत्र पालाराम गांव पेगां तहसील अलेवा जिला जींद 126111, 424. ब्रह्मा सुपुत्र राजकुमार गांव व डा. गतौली, जुलाना, जींद 126114, 425. उमराव सिंह अहलावत सुपुत्र श्री नानूराम अहलावत, गांव सांखौल, बहादुरगढ़, झज्जर, 426. कुमुद शर्मा पत्नी श्याम सुंदर शर्मा म.नं. 736/22 प्लाट नं. 53 वशिष्ठ भवन, झंग कॉलोनी, सोनीपत रोड, रोहतक 124001, 427. मोहित कोशिक स्व. श्री कृष्णवीर ग्रा.पो. सांखल, बहादुरगढ़, झज्जर, पिन 124507, 428. श्रीमती सुनिता देवी पत्नी बिशनचंद्र, मो. बहलवान छत्ते केपास, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 429. दीपक देशवाल सुपुत्र रोहतास सिंह दुल्हेड़ा पाना धारसान बहादुरगढ़ झज्जर पिन 124507, 430. साहिल पाराशर सुपुत्र श्री आनंद कुमार गांव व डा. दुल्हेड़ा, तहसील बहादुरगढ़, झज्जर, 124507, 431. सुनिता पत्नी मुकेश रामनगर परनाला रोड, बहादुरगढ़, झज्जर 124507, 432. संतोष पत्नी सुनील गांव खेड़ा तहसील कनीना महेंद्रगढ़ 123034, 433. अंकिता सुपुत्री श्री ईश्वर सिंह गांव खेड़ा, तहसील कनीना महेंद्रगढ़ 123034, 434. प्रेम कुमार सुपुत्र राम बक्स आदर्श नगर, पुराना बिजली घर, रेवाड़ी 123401, 435. श्री किशन लाल सुपुत्र श्री जगदीश कच्चा बेरी रोड, रोहतक 124001, 436. राजेंद्र सिंह सुपुत्र श्री शिशपाल गांव व डा. नान्दल, रोहतक 124514, 437. संजय यादव सुपुत्र रमेश कुमार पताः कर्मचारी कॉलोनी, 438. बनवारीलाल यादव सुपुत्र श्री गंगाराम बैंक कॉलोनी, वार्ड-13, नजबगढ़ रोड, झज्जर पिन 124507, 439. गौतम सुपुत्र राकेश कुमार गांव बिरड़, मातनहेल, झज्जर 124146, 440. कविता देवी पत्नी विरेंद्र सिंह म.नं. 42, टाइप-2 एमडीयू रोहतक 124001, 441. हवासिंह सुपुत्र श्री धूपसिंह गांव खेड़ला गुर्जर तहसील बादली जिला झज्जर 124507, 442. सुरेंद्र सिंह सुपुत्र श्री शेरसिंह ग्रा.व डा. बामनौली, बहादुरगढ़, झज्जर 124507, 443. सुरेश कुमार सुपुत्र श्री मुशादीलाल गांव बूचावास महेंद्रगढ़ 123034, 444. जितेंद्र सुपुत्र कर्मबीर, शर्मा नगर, भिवानी रोड, एस.के. स्कूल के पास, जींद 126102, 445. बिजेंद्र सिंह सुपुत्र भूप सिंह शास्त्री नगर, लाढ़ौत रोड, रोहतक 124001, 446. शिवान यादव सुपुत्र सौरभ यादव गांव बत्वा, कोसली, रेवाड़ी 123303, 447. राहुल सुपुत्र रमेश गांव व डा. जुलाना, दुर्गा मंदिर वाली गली, तहसील जुलाना, जींद 126101, 448. गौरव कुमार सुपुत्र मनोज कुमार डाबोदा कलां बहादुरगढ़, झज्जर, 124507, 449. सुरेश कुमार सुपुत्र गोपीराम, गाँव सिरसा खेड़ीडा नन्दगढ़ तहसील जुलाना, जींद 126101, 450. अजीत सिंह सुपुत्र श्री रघुबीर सिंह गांव माहड़ा डा. सिहोर तहसील कनीना महेंद्रगढ़ 123027.

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 10 मई से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 5 तक के हरियाणा के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 6 से 10 एवं गारंटी उपहार के हरियाणा के विजेताओं को सम्बन्धित हरिभूमि कार्यालय / सम्बन्धित अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. 20,000 या 20,000 से अधिक मूल्य के पुरस्कार पर पाठक को टी.डी.एस. के रूप में 30% का भुगतान जमा करना होगा।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :-

फोन : 9253681019, 9253681020

खबर संक्षेप

रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में रंगदारी मांगने वाले आरोपी। फोटो : हरिभूमि

दुकानदार से मांगी रंगदारी, आरोपी काबू

रेवाड़ी। बस स्टैंड के पास एक दुकानदार से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को तुरंत काबू कर लिया। उनके खिलाफ सिटी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। मुक्तिवाड़ा मोहल्ला निवासी एक महिला ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसकी बस स्टैंड के पास मिठाई की दुकान है। दुकान को उसका पति और स्टाफ संभालता है। उसकी दुकान पर शुक्रवार की शाम तीन-चार बदमाश आए थे। उन्होंने उसके पति और स्टाफ के सदस्यों के साथ गाली-गलौज करते हुए रंगदारी की मांग की थी।

पराली के स्टाक में आग से भारी नुकसान

पूंडरी। पूंडरी में कैथल रोड पर व्यापारी के लगे पराली के स्टाक में अचानक लगी आग से लगभग 40 लाख रुपए की पराली जलकर राख हो गई। आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है। तेज हवा होने की वजह से आग पराली के स्टाक में तेजी से फैल गई और देखते ही देखते पुरी पराली को अपनी चपेट में ले लिया।

जमीन बेचने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे 23 लाख

यमुनानगर। जमीन बेचने के नाम पर गांव औरंगाबाद निवासी मान सिंह से 23 लाख 19 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप गांव के ही रजत, नरेश कुमार व निर्मल सिंह पर लगा है। आरोप है कि आरोपियों ने पैसे लेने के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं करवाई और उस जमीन को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

अंबाला में रैली को लेकर विज ने लिया जायजा

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने आगामी एक मई को अम्बाला छावनी के गांधी ग्राउंड में प्रातः नौ बजे प्रस्तावित रैली को लेकर शाम लोकसभा चुनावों के लिए गठित 31 सदस्यीय चुनाव समिति के साथ तैयारियों का जायजा लिया। विज ने बताया कि एक मई को अम्बाला छावनी के गांधी ग्राउंड में प्रातः नौ बजे रैली आयोजित की जाएगी और इस रैली को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संबोधित करेंगे।

क्रेडिटकार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर युवक से ठगी

गुरुग्राम। साइबर क्राइम मानेसर एरिया में केरडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर युवक से 38 हजार 378 रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बिहार मूल के दीपक कुमार भारद्वाज ने कहा कि वह गुरुग्राम के नवादा फतहपुर में किराए पर रहता है। उसके पास युवती का फोन आया था।

बीरेंद्र की पीड़ा: ठाडा मारै, रौवन भी ना दें, अब दिखाया बेटे को सीएम बनाने का सपना

रविवार को बीरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को भूपेंद्र हुड्डा-रणबीर का किस्सा सुनाकर बृजेंद्र को मुख्यमंत्री बनाने का सपना दिखा चेहरे से मायूसी दूर करने का प्रयास किया।

मोहन भारद्वाज ▶▶| रोहतक

शुक्रवार को लंबें इंतजार के बाद हरियाणा में टिकट वितरण के बाद कांग्रेस में भिवानी से हिसार, करनाल होते हुए फरीदाबाद तक कोहराम मचा हुआ है। भिवानी- महेंद्रगढ़ से श्रुति चौधरी और हिसार से भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए निर्वमान सांसद बृजेंद्र की टिकट कटने पर सबसे अधिक बवाल देखने को मिला। रविवार को बीरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को भूपेंद्र हुड्डा-रणबीर का किस्सा सुनाकर बृजेंद्र को मुख्यमंत्री बनाने का सपना दिखा चेहरे से मायूसी दूर करने का प्रयास किया। ठाडा मारै, रौवन भी ना दें, भूपेंद्र हुड्डा के सामने कांग्रेस में वापसी के बाद भी बीरेंद्र की स्थिति वैसी ही नजर आ रही है।

प्रदेश में बनाए जा रहे नए हाईवे से अब हम 62 के साथ चंडीगढ़ में लैंड करेंगे

भूपेंद्र सिंह हुड्डा

बीरेंद्र सिंह

रविवार को जींद में कार्यकर्ताओं से बीरेंद्र सिंह ने कहा कि टिकट ऊपर से नहीं नीचें से कटी है। बृजेंद्र न केवल जीतने की स्थिति में था, बल्कि उसका दावा भी सबसे मजबूत था। बीरेंद्र सिंह ने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि भूपेंद्र हुड्डा के बड़े भाई भाई की तहरवीं थी। जहां प्रदेश के नेता जब रणबीर हुड्डा के सीएम बनने के सपने का मजाक उड़ाने वालों से कहा था कि अब तो मैं मुख्यमंत्री का भी बाप बन गया। अपना भी अब ऐसा ही होगा। प्रदेश में बनाए जा रहे नए हाईवे से अब हम 62 के साथ चंडीगढ़ में लैंड करेंगे। लोस में बृजेंद्र को टिकट नहीं मिला तो क्या हुआ, विस में जीत के काबिल लोगों की टिकट जरूर मिलेगी। फिर चाहे कितनी ही बड़ी लड़ाई क्यों न लड़नी पड़े।

सपना टूटा तो घर वापसी

भूपेंद्र हुड्डा से सीएम की लड़ाई हारने के बाद अपना सपना पूरा करने के लिए ही बीरेंद्र सिंह 2014 में कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए थे। जहां बिना लोकसभा चुनाव लड़े मोदी मंत्रीमंडल में कैबिनेट मंत्री बने। घर की चारदीवारी से निकालकर पत्नी को विधानसभा भेजा। जब बेटे ने आईएएस की नौकरी छोड़ राजनीति में कदम रखा तो भाजपा ने 2019 की मोदी लहर में उन्हें भी सांसद बनाकर लोकसभा भेज दिया। बेटे को टिकट मिला तो बीरेंद्र सिंह को मंत्रीपद छोड़ना पड़ा परंतु सीएम बनने का सपना भाजपा में आने के बाद भी अधूरा ही रह गया। 10 साल बाद कांग्रेस में वापसी की तो बेटे को लोकसभा का टिकट दिलाने में नाकाम रहे। जिससे हताश कार्यकर्ताओं को अब सीएम बनने के अपने सपने को बेटे से पूरा करवाने का झुनझुना पकड़ा दिया।

प्रदेश में अपराध पर लगाम के लिए पुलिस ने चलाया ऑपरेशन 'आक्रमण'

6161 पुलिस कर्मियों की रेड, 881 आरोपी दबोचे, 478 एफआईआर दर्ज

- प्रदेश पुलिस बदमाशों व अवैध गतिविधियों के खिलाफ एक बार फिर हुई आक्रमण
- नूह पुलिस ने 30 वर्ष से लूट के अभियोग में उद्घोषित अपराधी को पहुंचाया सलाखों के पीछे
- फतेहाबाद, भिवानी सहित अन्य जिलों की भी कार्यप्रणाली रही सराहनीय

शत्रुजीत कपूर, डीजीपी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस द्वारा शनिवार 27 अप्रैल को प्रदेश में बदमाशों, आपराधिक तत्वों व नशा तस्करों पर कार्रवाई करने हेतु ऑपरेशन आक्रमण -9 चलाया गया। इस दौरान प्रदेशभर में 6161 पुलिसकर्मियों की 1309 टीमों का गठन किया गया एवं इस दौरान आईपीसी, एनडीपीएस, एक्साइज, जुआ अधिनियम और आम्र्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत 478 मुकदमें दर्ज करके 881 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आपे्रशन आक्रमण के तहत नूह पुलिस ने लगभग 30 वर्ष से लूट के अभियोग में वांछित उद्घोषित अपराधी को गिरफतार करने में सफलता हासिल की है। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि पुलिस द्वारा ऑपरेशन आक्रमण को चलाने से पूर्व अवैध हथियारों, नशीले पदार्थों और अवैध शराब की तस्करी सहित राज्य में आपराधिक गतिविधियों बारे जानकारी एकत्र की गई। पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व में 6161 पुलिस जवानों की 1309 टीमों ने अपराध को रोकने और अपराधियों की धरपकड़ हेतु 27 अप्रैल को अलसुबह से ही रेड शुरू की गई। यह रेड देर सांय तक चली। हरियाणा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर एक साथ रेड करते हुए अपराधियों को निशाना बनाया और बेहतर कार्ययोजना के तहत काम किया जिसके अच्छे परिणाम सामने आए। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा आम्र्स एक्ट के तहत 28 एफआईआर दर्ज की गई तथा 32 अवैध असले बरामद किए गए। इसी प्रकार, आपरेशन आक्रमण के तहत महेन्द्रगढ़ के थाना सतनाली क्षेत्र में 391.96 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ, 190 डेटोनेटर तथा 750 मीटर वायर जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने अवैध माइनिंग के लिए विस्फोटक पदार्थ सप्लाई करने वाले आरोपियो को गिरफतार किया है। इस मामले में 19 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इसी प्रकार, 3 किलो 149 ग्राम गांजा, 22 ग्राम हेरोइन, 1 किलोग्राम 589 अफीम, 7.80 ग्राम चिट्टा बरामद किए गए तथा इन मामलो में प्रदेश भर में 6 आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान टीमों ने कुख्यात अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 3 मोस्ट वांटेड, 3 इनामी बदमाश, 2 साइबर अपराधी, 21 जघन्य अपराधियों को काबू किया। साथ ही, पुलिस ने 75 उद्घोषित अपराधियों और 61 बेल जंपर्स को पकड़ने में भी कामयाबी हासिल की।

बहादुरगढ़ में 15 साल पहले हुई हत्या के मामले में वांछित भी गिरफ्तार

पकडे गए ये बदमाश कई मामलों में वांछित थे और गिरफतारी से बचने के लिए फरार चल रहे थे। इसके अतिरिक्त, विशेष अभियान के दौरान विभिन्न मामलों में शामिल 145 अन्य आरोपियों को भी काबू किया गया। ऑपरेशन आक्रमण के तहत कार्रवाई करते हुए नूह पुलिस ने 30 वर्ष से लूट के अभियोग में उद्घोषित अपराधी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। नूह पुलिस द्वारा एक 29 साल से उद्घोषित अपराधी को भी गिरफ्तार किया गया है । इस अपराधी द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालने को लेकर जिला नूह में मुकदमा दर्ज था। इसी कड़ी में फतेहाबाद पुलिस ने करीब 28 वर्ष से अवैध हथियारों की तस्करी करने के मामले में आर्म्स एक्ट के तहत उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। फतेहाबाद पुलिस ने एक्साइज एक्ट में करीब 25 साल से उद्घोषित अपराधी तथा 22 साल से उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है।भिवानी जिला से चोरी के अभिगोग में 23 वर्ष से उद्घोषित अपराधी को गिरफतार किया गया है। यह अपराधी राजस्थान पुलिस का उद्घोषित अपराधी था जिसे भिवानी पुलिस द्वारा पकड़ते हुए राजस्थान पुलिस को सौंपा गया है। बहादुरगढ़ की टीम ने कार्रवाई करते हुए 15 साल पहले हुई हत्या के मामले में वांछित एवं उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

एक्साइज अधिनियम के तहत 321 एफआईआर दर्ज

विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने एक्साइज अधिनियम के तहत 321 एफआईआर दर्ज करते हुए 807 बोतल अंग्रेजी शराब, 6012 बोतल देसी शराब, 2332 बोतल बीयर, और 7645 लीटर लाहन जब्त करके शराब तस्करों पर नकेल कसने में कामयाबी हासिल की। इस मामले में 120 लोगों की गिरफतारी की गई। इसी प्रकार, जुआ अधिनियम के तहत 104 मुकद्दमें दर्ज करते हुए 41 आरोपियों की गिरफतारी की गई जिनके कब्जे से पुलिस ने 206860 रुपये की नकदी भी बरामद की। इस अभियान के दौरान लेन ड्राइविंग नियमों की उल्लंघना करने वाले 738 वाहनों के चालान भी किए गए। गौरतलब है कि प्रदेश भर में अपराध और आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन आक्रमण के तहत प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर यह अभियान चलाया गया। पुलिस विभाग द्वारा समय समय पर चलाया जाता है इसी कड़ी में यह नौंवा अभियान चलाया गया ताकि प्रदेश की जनता को भयमुक्त वातावरण मिल सके।

13 दिन पहले छोड़ी थी भाजपा

मनोज वधवा के घर ईडी की दस्तक, नोटिस देने की कार्रवाई

- चार माह पहले भी उनके निवास सेक्टर 13 व सेक्टर 32,33 में खंगाला था रिकॉर्ड
- चर्चाएं हैं की वधवा कांग्रेस में जा सकते है और सीएम नायब सैनी के सामने करनाल विस का लड़ सकते है उपचुनाव

बाजवा के घर के बाहर खड़ी ईडी टीम की गाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पूर्व भाजपा नेता मनोज वधवा के घर पार्टी छोड़ने के 13 दिन बाद ही ईडी ने दस्तक दी है। सेक्टर 32 में उनकी फैक्ट्री में टीम पहुंची है। जहां पर परिवार के लोगों से बातचीत कर रही है। यहां करीब एक घंटे तक टीम रुकी थी और उसके बाद वह चली गई। बताया जा रहा है कि कोई नोटिस देने के लिए टीम पहुंची थी। बता दे कि 4 माह पहले भी उनके ईडी की टीम ने उनके निवास स्थान सेक्टर 13 व सेक्टर 32,33 में दस्तावेज खंगाले थे। पार्टी छोड़ने के बाद चर्चाएं थी कि मनोज वधवा कांग्रेस में जा सकते है और कांग्रेस की टिकट पर हरियाणा के सीएम नायब सैनी के सामने करनाल विधानसभा का उपचुनाव लड़ सकते है। शायद, मनोज वधवा की राह आसान नहीं है। करीब चार महीने पहले मनोज वधवा के सेक्टर-13 में स्थित आवास पर ईडी का छापा पड़ा था। इसी दौरान भी ईडी ने दो दिनों तक पूरा रिकॉर्ड खंगाला था।

खनन का कारोबार

पहले दिन उन्होंने सेक्टर-13 और दूसरे दिन सेक्टर 32-33 में मनोज वधवा के दूसरे मकान पर रेड की थी, वहां पर भी रिकॉर्ड चेक किया गया था और परिवार के लोगों से भी पूछताछ की गई थी, लेकिन उसके बाद ईडी ने कुछ स्पष्ट नहीं किया था कि आखिर रेड के दौरान मिला क्या है? बता दें कि भाजपा नेता मनोज वधवा एक बिजनेसमैन और माइनिंग का काम भी करते हैं। मौजूदा समय में उनका यमुनानगर में खनन का कारोबार है।

मनोहर लाल के खिलाफ इनेलो से चुनाव भी लड़ा

मनोहर लाल के खिलाफ करनाल विधानसभा से इनेलो की टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। मगर इस चुनाव में वह जीत हासिल नहीं कर सके। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस के समर्थन से भाजपा मेयर रेनू बाला गुप्ता के खिलाफ भी मेयर का चुनाव लड़ा था, लेकिन उसमें भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। चुनाव हारने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अगुआई में भाजपा का दामन थाम लिया था। बीती 17 अप्रैल को उन्होंने भाजपा को अलविदा कह दिया था। अभी कोई पार्टी ज्वाइन नहीं की है।

चंडीगढ़। राज्यपाल दत्तात्रेय से राजभवन में गुरु जम्भेशवर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, हिसार के वीसी प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने मुलाकात की।

जैन धर्म शांति सद्भावना और भाईचारे का संदेश देने वाला अनोखा धर्म: दत्तात्रेय

चंडीगढ़। हमारे देश में जैन धर्म के अनुयाई अल्पसंख्यक समुदाय में छठे नंबर पर होने के बावजूद भी उद्योग शिक्षा स्वास्थ्य समाज कल्याण जैसे विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण और समाज को नई दिशा देने में सदैव अग्रणी रहा है प जिसके लिए मैं समस्त जैन समाज को और जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) हार्दिक बधाई देता हूं ।राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने ये उदगार जीरकपुर में एक होटल में आयोजित जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाईजेशन के 71 वें शुभ शुरुआत स्थापना एवं शपथ ग्रहण समारोह में संबोधित करते हुए प्रकट किए प इसअवसर पर सतपाल जैन अतिरिक्त महाधिवक्ता एवं पूर्व सांसद जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष सुखराज नाहर अध्यक्ष कांतिलाल ओसवाल नॉर्थ जोन के अध्यक्ष बजरंग बोथरा केएलजे ग्रुप हेमंत जैन लेडीज विंग की चेयरपर्सन संगीता लालवानी और 71 वें चंडीगढ़ चौप्टर के अध्यक्ष लोकेश जैन सहित अन्य महानुभाव जैन बंधु भी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव ने हीटवेव पर अधिकारियों से की चर्चा

सार्वजनिक स्थानों, जैसे-बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर ओआरएस कॉर्नर हो स्थापित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने विद्यार्थियों, मजदूरों, गरीबों को लू से बचाने के लिए विभिन्न विभागों के स्तर पर विस्तृत कार्य योजना लागू की है। हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय गृह सचिव द्वारा हीटवेव की तैयारियों को लेकर बुलाई गई सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों की बैठक के बाद दी।

उन्होंने बताया कि इस दिशा में प्रदेश के स्कूलों के समय में बदलाव किया जाएगा। स्कूल सुबह जल्दी शुरू होंगे और दोपहर से पहले बंद हो जायेंगे। इस संबंध में सम्बन्धित जिला उपायुक्त अपने जिले की प्राथमिक कक्षाओं के लिए निर्णय लेने के लिए अधिकृत होंगे और बाकी कक्षाओं के लिए भी प्रदेशभर में मौजूदा परिस्थितियों के अनुसार विभाग मुख्यालय स्तर पर निर्णय लेगा। इस बारे में सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों, खंड मौलिक शिक्षा अधिकारियों और स्कूल प्रमुखों व प्रभारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मुख्य सचिव ने सभी फील्ड अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की है और विशेष रूप से उद्योगों, निर्माण स्थलों और ईंट-भट्ठों में पीक आवर्स के दौरान आराम का समय बढ़ाने के लिए निकटतम अस्पताल/क्लिनिक का फोन नंबर प्रदर्शित करने के लिए सभी फील्ड अधिकारियों को एक एडवाइजरी भी प्रसारित की गई है।

गुरुग्राम आयोजित जनसभा में विपक्ष पर जमकर हमला बोला

हार के डर से कांग्रेस को गुरुग्राम में नहीं मिल रहा प्रत्याशी : सैनी

कांग्रेस पर झूठ और लूट की राजनीति करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ खोखली नारेबाजी करती है। कांग्रेस के पास कहने और बताने के लिए कुछ भी नहीं है। कांग्रेस का काम सिर्फ विरोध करना रह गया है। उन्होंने कहा कि अब चुनाव में कांग्रेस फिर झूठ का सहारा ले रही है। सैनी ने कहा कि जनता को कांग्रेस की झूठ और लूट की राजनीति से बचना है और बचाना है। सीएम सैनी सोमवार को गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार राव इंद्रजीत के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां सैनी ने राव इंद्रजीत सिंह की भी जमकर तारीफ की।

गुरुग्राम। जनसभा में अभिवादन स्वीकारते सीएम नायब सैनी व अन्य नेता।

उन्होंने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम के लोगों की समस्याओं का समाधान किया, गुरुग्राम को बदला है। उन्होंने सभी लोगों से राव इंद्रजीत सिंह को 8 लाख से ज्यादा वोटों से जिताने का आग्रह किया। कांग्रेस को घेरते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि 55 सालों से कांग्रेस ने देश के लोगों और किसानों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गैस सिलेंडर के लिए लोगों को लाइन में खड़ा किया, लेकिन नरेंद्र मोदी ने लोगों के साथ न्याय किया और लाइन को खत्म करने का काम किया। सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीयत और नीति दोनों ठीक है। पीएम मोदी ने देश को जोड़ने का काम किया।

सियासत के रंग | जननायक जनता पार्टी निशान सिंह के कांग्रेस ज्वाइन करते ही उतारा होर्डिंग

जजपा को अलविदा करने वालों का सिलसिला नहीं थम रहा

- जजपा नेताओं का कहना-नए अध्यक्ष बन गए और पुराने छोड़कर जा चुके क्यों नहीं उतारे पोस्टर और बैनर

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार जननायक जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले टोहाना निवासी सरदार निशान सिंह ने अब कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। सोमवार को चंडीगढ़ सेक्टर 9 स्थित प्रदेश कांग्रेस ऑफिस में एक तरफ जहां सरदार निशान सिंह की ज्वाइनिंग का कार्यक्रम समाप्त भी नहीं हुआ था, वहीं जजपा के प्रदेश ऑफिस फ्लैट नंबर 17 सेक्टर तीन में दृश्य को बदला जा रहा था। पार्टी की ओर से जहां प्रदेश ऑफिस के बाहर लगे बड़े होर्डिंग हटाने की मुहिम चल रही थी। इस दृश्य को मौके पर मौजूद मीडिया के कैमरों ने कैद कर लिया।

सूत्रों का कहना है कि जजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सरदार निशान सिंह द्वारा नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस चौधरी उदयभान के नेतृत्व में पार्टी ज्वाइन करते ही प्रदेश ऑफिस और जिलों में लगाए गए फ्लेक्स और बोर्ड तुरंत प्रभाव से उतारने का आदेश दिया, क्योंकि इन पर बड़े बड़े फोटो सरदार निशान सिंह के बने हुए थे।

..देखी जमाने की यारी, बिछड़े सभी बारी बारी

जननायक जनता पार्टी का भाजपा के साथ गठबंधन टूटने के बाद से जजपा में इस्तीफों का दौर खत्म नहीं हो रहा है। जहां पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा लगातार इस्तीफे दिए जा रहे हैं। वहीं पार्टी के विधायक भी पार्टी को बाय-बाय करने में जुटे हुए हैं। हालांकि पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और उनके पिता अजय सिंह का कहना है कि पतझर है, फिर से नए पत्ते आएंगे। जाने वालों को जाना ही होगा क्योंकि जो अपने होंगे वही रूकेंगे। कुल मिलाकर जजपा विधायक नारनौंद रामकुमार गौतम शुरुआती दौर से नाराज चल रहे हैं। वहीं चीका विधायक ईश्वर सिंह के सुर भी ठीक नहीं रहे, एक दिन पहले ही उन्होंने राजनीति से संन्यास की घोषणा कर दी है। उनके बेटे और डेयरी डेवलपमेंट चेयरमैन रणधीर सिंह पद छोड़कर जजपा से भी इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के कुछ अन्य विधायक भी दूसरी पार्टियों में कई स्थानों पर देखे जा रहे हैं। इसके अलावा पूर्व मंत्री और विधायक अनूप सिंह धानक सेहत कारणों से फील्ड में नहीं हैं।

नए प्रदेश अध्यक्ष की लगेगी तस्वीर

पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यालय प्रभारी और सचिव रणधीर सिंह का कहना है कि पार्टी ने नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त कर दिया है. हमने पहले ही पुराने होर्डिंग उतारने के लिए कहा था, इनके स्थान पर नए प्रदेश अध्यक्ष के फोटो के साथ में फ्लेक्स लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरदार निशान सिंह को नई पारी खेलने के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

हुड्डा के मौजूदगी में कई नेता कांग्रेस में शामिल

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष रहे सरदार निशान सिंह ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। उन्होंने जेजेपी के पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ कांग्रेस ज्वाइन की। इस मौके पर उनके साथ हांसी से 3 बार विधायक रहे स्व. अमीरचंद मक्कड़ के पौत्र और जेजेपी के प्रत्याशी रहे राहुल मक्कड़, जेजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे सुरेंद्र लैगा, प्रदेश महासचिव रहे रमेश गोदारा ने भी कांग्रेस का दमन थामा। पूर्व विधायक रघु यादव के बेटे सृजन यादव और शाहबाद से जेजेपी विधायक रामकरण काला के दोनों बेटों कंवरपाल (जिला पार्षद) और सुकरम पाल (पूर्व पार्षद) ने भी आज अपने सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

सड़क सुरक्षा संगठन सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला सफलता पूर्वक संपन्न

पंचकूला। सड़क सुरक्षा संगठन (आरएसओ), पंचकूला ने पंचकूला जिले के विभिन्न कॉलेजों में प्रभावशाली सड़क सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठियों की श्रृंखला का सफलतापूर्वक समापन किया। आयोजित समापन समारोह में आईजी हरियाणा पुलिस हरदीप दून (आईपीएस), हिमाद्री कौशिक (आईपीएस) और पुलिस विभाग के कई अन्य वरिष्ठ गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आरएसओ पंचकूला द्वारा आयोजित सेमिनार का उद्देश्य युवाओं में जिम्मेदार सड़क व्यवहार की संस्कृति को बढ़ावा देना था, जो सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने में बदलाव के संभावित एजेंट होने के साथ-साथ कमजोर सड़क उपयोगकर्ता भी हैं। आकर्षक सत्रों, इंटरैक्टिव कार्यशालाओं और सूचनात्मक चर्चाओं के माध्यम से छात्रों को सड़कों पर सुरक्षित और जिम्मेदारी से चलने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस किया। अंकुर कपूर अध्यक्ष और दीप कृष्ण चेयरमैन, आरएसओ पंचकूला ने सेमिनार श्रृंखला के दौरान सभी प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों और हितधारकों के प्रति उनके अटूट समर्थन और समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया।

- वैश्विक बाजारों में मजबूती का रहा असर
- बैंकों और ढांचागत शेयरों में रही तगड़ी खरीदी
- कंपनियों के तिमाही नतीजे सकारात्मक रहे

निफ्टी 22,600 के स्तर से ऊपर पहुंच गया

तगड़ी खरीदारी से शेयर बाजार में रौनक, सेंसेक्स 941 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 941.12 अंक यानी 1.28 प्रतिशत उछलकर 74,671.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 990.99 अंक तक बढ़कर 74,721.15 पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 223.45 अंक यानी एक प्रतिशत बढ़कर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ।

बैंकिंग शेयरों को मिली रफ्तार

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में लगभग पांच प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। मार्च तिमाही में बैंक का समेकित शुद्ध लाभ 18.5 प्रतिशत बढ़कर 11,672 करोड़ रुपये हो जाने से इसके शेयरों को रफ्तार मिली।

ये शेयर रहे लाभ में

इसके अलावा इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी बढ़त लेने में सफल रहे।

इन शेयरों में रही गिरावट

हालांकि एचसीएल टेक्नोलॉजीज के तिमाही नतीजे निवेशकों का उत्साह जगाने में नाकाम रहे और कंपनी के शेयर करीब छह प्रतिशत गिर गए। इसके अलावा आईटीसी, विप्रो और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट का रुख रहा।

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंकों एवं ढांचागत कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी होने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स ने 941 अंक उछल गया जबकि एनएसई निफ्टी 22,600 के स्तर से ऊपर पहुंच गया।

अमेरिकी कंपनियों के नतीजे बेहतर आए

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया तिमाही नतीजों और बांड प्रतिफल में गिरावट आने से घरेलू स्तर पर बाजारों में तगड़ी उछाल देखी गई। बैंक निफ्टी ने चौथी तिमाही में अपने मजबूत प्रदर्शन से बाकी को पीछे छोड़ दिया।'

एशियाई बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.51 प्रतिशत गिरकर 89.04 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

पश्चिम एशिया का तनाव नरम पड़ा

नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया का तनाव नरम पड़ने और कंपनियों के स्थिर तिमाही नतीजों से सकारात्मक धारणा को बल मिलने की उम्मीद है। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.97 प्रतिशत और स्मालकैप सूचकांक में 0.07 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

बीएसई को 165 करोड़ का बिल, शेयर में बड़ी गिरावट

बीएसई के शेयरों में तेजी सोमवार को उस समय रुक गई जब बाजार नियामक सेबी ने एक्सचेंज को टर्नओवर के आधार पर रेगुलेटरी फीस का भुगतान करने के लिए कहा, न कि प्रीमियम टर्नओवर के आधार पर। बीएसई के शेयर सोमवार को 13.31 प्रतिशत गिरकर 2,783.00 रुपए के लेवल पर क्लोज़ हुए।

जीएसटी का अतिरिक्त भुगतान हो सकता है

स्टॉक एक्सचेंज द्वारा की गई प्रारंभिक गणना से पता चलता है कि इससे 165 करोड़ रुपए और जीएसटी का अतिरिक्त भुगतान हो सकता है। ऑप्शन कॉन्ट्रैक्ट की अनुमानित वैल्यू पर विचार करते हुए वार्षिक कारोबार के आधार पर वित्त वर्ष 2006-07 से वित्त वर्ष 2022-23 तक कुल अंतर सेबी नियामक फीस लगभग 68.64 करोड़ रुपए प्लस जीएसटी होगा, जिसमें 30.34 करोड़ रुपए का ब्याज शामिल है। वित्त वर्ष 2024 के लिए सेबी रेगुलेटरी फीस लगभग 96.30 करोड़ रुपए प्लस जीएसटी हो सकता है।

सरकारी बैंकों पर लुकआउट सर्कुलर का अध्ययन कर रहा वित्त मंत्रालय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय बंबई उच्च न्यायालय के हालिया आदेश का अध्ययन कर रहा है, जिसमें उसने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ 'लुकआउट' सर्कुलर या एलओसी जारी करने से रोक दिया है।

बंबई उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह आदेश दिया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। सूत्रों ने कहा कि वित्त मंत्रालय 26 अप्रैल के फैसले से अवगत है और वह आदेश का विस्तृत मूल्यांकन करेगा।

आदेश का अध्ययन करने के बाद आगे की कार्रवाई पर फैसला किया जाएगा। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। अदालत ने यह भी कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो।

देश के आर्थिक हित बैंकों के हित से ऊपर : इसके तहत अगर किसी व्यक्ति का विदेश जाना देश के आर्थिक हित के लिए हानिकारक हो सकता है, तो उसे ऐसा करने से रोका जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि 'भारत के आर्थिक हित' वाक्यांश की तुलना किसी भी बैंक के 'वित्तीय हितों' से नहीं की जा सकती है।

इंडेजीन का आईपीओ छह मई को खुलेगा

नई दिल्ली। स्वास्थ्य से जुड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी इंडेजीन लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसका 1,842 करोड़ रुपये का आईपीओ (प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम) छह मई को खुलेगा। कंपनी ने आईपीओ के लिए कीमत का दायर 430-452 रुपये प्रति शेयर तय किया है। आईपीओ आठ मई को बंद होगा। कंपनी ने बताया कि एंकर निवेशकों के लिए बोली तीन मई को एक दिन के लिए खुलेगी।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सविता कुमार, पुत्र राज सिंह,** निवासी मकान नं. 21, गांव एवं डाकघर खरहर, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा एवं मकान नं. एक्स–1587, खरहर रोहतक, हरियाणा ने **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 9463/2017, धारा 138 एनआई एक्ट** के तहत थाना राजिंदर नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सविता कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सविता कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 9463/2017, धारा 138 एनआई एक्ट** के तहत थाना राजिंदर नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सविता कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 18.07.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
नीतीश कुमार शर्मा
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–01, एनआई एक्ट (केन्द्रीय)
कमरा नं. 201, कोर्ट बिल्डिंग एनेक्सी–I
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4991/CD/20024

क्रेडिट कार्ड से बिजली-पानी के बिल भरना पड़ेगा महंगा

नई दिल्ली। अगर आपको भी अपने बिजली और पानी समेत जरूरी बिल क्रेडिट कार्ड से भरने की आदत पड़ चुकी है तो एक बार फिर से सोचने की जरूरत पड़ेगी। एक मई से क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंक बिल भरने वालों से 1 फीसदी शुल्क लेने लगेंगे। ऐसे में आपको क्रेडिट कार्ड से बिल भरने की आदत महंगी पड़ने वाली है। इस शुल्क का ऐलान करने वालों में सबसे पहले यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शामिल हैं। यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने जानकारी दी है कि वह एक मई से यूटिलिटी बिल पेमेंट पर 1 फीसदी चार्ज लेंगे।

कस्टमर्स को दी थोड़ी राहत

इसके चलते अगर आप 2000 रुपए का बिजली बिल क्रेडिट कार्ड से भरेंगे तो आपको 20 रुपए अतिरिक्त देने पड़ेंगे। हालांकि, इन बैंकों ने कस्टमर्स को फिलहाल थोड़ी राहत भी दी है। यस बैंक ने यूटिलिटी बिल पर 15,000 रुपए और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 20,000 रुपए तक फ्री यूसेज लिमिट भी दी है। इसके चलते आप यस बैंक से 15 हजार रुपए तक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से 20 हजार रुपए तक यूटिलिटी बिल का बिना कोई शुल्क दिए पेमेंट कर पाएंगे।

पूर्व भारत का सबसे बड़ा एचआर कॉन्क्लेव 'सोआ प्रॉक्सिमा-2024' समापन..

भुवनेश्वर। शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा आयोजित पूर्व भारत के सबसे बड़े एचआर सम्मेलन सोआ प्रॉक्सिमा-2024' का शनिवार को समापन हुआ है । देश भर से चयनित पेशेवरों ने दो दिवसीय सम्मेलन के पांचवें संस्करण में भाग लिया और विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श सत्र आयोजित किए। एक छत के नीचे, देश भर के 100 से अधिक मानव संसाधन विशेषज्ञों, उद्योग विशेषज्ञों और अनुभवी पेशेवरों ने उन चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जिनका सामना वर्तमान में तकनीकी शिक्षा कर रही है और इसका सफलतापूर्वक सामना कैसे किया जा सकता है। सोआ द्वारा आयोजित इस कॉन्क्लेव में भाग लेने वाले अनुभवी विशेषज्ञों ने लगभग 4500 युवा तकनीकी प्रतिभाओं के साथ बातचीत की। सोआ यूनिवर्सिटी कैंपस 2 ऑडिटोरियम में आयोजित यह कॉन्क्लेव सोआ और उद्योग के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने में सफल रहा है। इस सम्मेलन ने छात्रों को बदलते विश्व और प्रौद्योगिकी के अनुकूल होने के बारे में मार्गदर्शन किया। यह सम्मेलन छात्रों की शंकाओं को दूर करने में बहुत मददगार रहा है। प्रो. टी जी सीताराम अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद

(एआईसीटीई), सोआ प्रॉक्सिमा-2024 के उद्घाटन में सम्मानित अतिथि थे। समापन समारोह में श्री विजय कुमार साहू अध्यक्ष (मानव संसाधन) रिलायंस इंडस्ट्रीज, मुंबई ने भाग लिया। टाटा इंटरनेशनल के पूर्व प्रबंध निदेशक डॉ. संदीपन चक्रवर्ती ने भी छात्रों को प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी प्रदान की। इसी तरह, कॉग्निजेंट के ओडिशा प्रमुख श्री सतीश कुमार प्रधान भी सम्मेलन में शामिल हुए। इस कॉन्क्लेव में एचसीएल टेक, कॉग्निजेंट, सिनोप्सिस, पीडब्ल्यूसी इंडिया, मास्टरकार्ड, डेलॉइट इंडिया, जेपी मॉर्गन, मारुति सुजुकी, कॉन्टिनेंटल ऑटोमोटिव, ब्रिटिश पेट्रोलियम, लेनोवो, महिंद्रा कॉमविवा, इमामी पेपर मिल्स और ग्रासिम के मानव संसाधन विशेषज्ञ शामिल हुए।

घरेलू कंपनियों की राजस्व वृद्धि ढाई साल में सबसे कमः क्रिसिल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू कंपनियों की राजस्व वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में चार-छह प्रतिशत तक सीमित रह सकती है जो कोविड महामारी के बाद की सबसे धीमी दर होगी। साख निर्धारण और विश्लेषण से जुड़ी क्रिसिल की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। यह रिपोर्ट 350 कंपनियों के विश्लेषण पर आधारित है। हालांकि इसमें वित्तीय सेवाओं और तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों को शामिल नहीं किया गया है। रिपोर्ट कहती है कि पिछले वर्षों में राजस्व में मजबूत वृद्धि के बाद यह नरमी आई है। कोविड महामारी के बाद सितंबर, 2021 में आर्थिक पुनरुद्धार का सिलसिला शुरू होने के बाद से लगातार तेजी ही देखी जा रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 'क्रिसिल की निगरानी में शामिल 47 क्षेत्रों में से केवल 12 में मार्च तिमाही के लिए क्रमिक और सालाना आधार पर राजस्व वृद्धि में सुधार होने की उम्मीद है।' उपभोक्ता विवेकाधीन उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहने की उम्मीद है। विवेकाधीन उत्पादों के बीच पिछले वर्ष में अधिक मात्रा और कीमतों में बढ़ोतरी के कारण यात्री वाहनों में स्वस्थ वृद्धि से वाहन क्षेत्र को मजबूती मिली।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी

अभियोग संख्या 169 दिनांक 11.09.2023 धारा 346 IPC थाना सदर रेवाड़ी

गुमशुदा की पहचान

नाम - कविता
पिता/पति का नाम- पत्नी राकेश कुमार
पता - गांव हांसाका जिला रेवाड़ी।
उम- 34 वर्ष
कद- 5 फुट 2 इंच
हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, मजबूत शरीर, काले बाल, काली आँखे।
पहनावा - हरे रंग का सुट-सलवार व पैरों मे हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 11.09.2023 को कविता पत्नी राकेश कुमार निवासी गांव हांसाका थाना सदर रेवाड़ी बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सदर रेवाड़ी- 7056666123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रेवाड़ी- 01274-225156, 9306952004
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रेवाड़ी- 8727090308

पीआरडीएच-1084/11/2316/2025/26208/88/6 दि. 29.04.24

सोने में 130 रुपए की गिरावट, चांदी स्थिर

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सराफा बाजार में सोमवार को सोना 130 रुपये की गिरावट के साथ 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,880 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 84,500 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित बनी रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली में हाजिर सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 130 रुपये कम है।

राशिफल

मेष — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

मिथुन — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

सिंह — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

कन्या — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

धनु — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

मकर — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

कुंभ — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

मीन — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

जॉब

☛ सुनहरा मौका वनविभाग ने निकाली सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10000 पदों पर) पद - वनरक्षक, क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी- 25670+35850/- आवेदन -10+12TH पास लड़के लड़कियां आवेदन हेतु- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो,मार्कसीट व्हाट्सएप /कॉल करें - 9046968782

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शिक्षा

भारतीय पुनर्वास परिषद् (RCI) नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त COLLGE CODE : HR041
सरकारी शिक्षक व विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
D.Ed Spl. Ed. (IDD/HI) (द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम)
JBT/BTC/BSTC के समकक्ष
ANM 2 Year
DPT फिजियोथेरेपी 2 Year
D.Pharma एलोपैथी 2 Year
केवल RCI द्वारा निर्धारित फीस
योग्यता : 10+2 50 प्रतिशत अंको के साथ (General) एवम् 45 प्रतिशत अंको के साथ SC/ST/PH
DIRECT Admission OPEN
ग्रीन वैली इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन एण्ड रिहैबिलिटेशन सैन्टर
पटेल नगर, निकट शिव मन्दिर वाली गली, सोनीपत
CONTACT : 9813342781

विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए स्थिर सरकार जरूरीः सीतारमण

विशाखापत्तनम (भाषा)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्थिर सरकार जरूरी है। सीतारमण ने यहां गीतम यूनिवर्सिटी के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, /"हमारे प्रधानमंत्री ने लक्ष्य रखा है कि वर्ष 2047 तक हमें विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना है।/" उन्होंने कहा, /"इसके लिए हमें प्रयास करने होंगे, ताकि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़े और सभी लोगों तक लाभ पहुंचे। जीडीपी वृद्धि अपने-आप नहीं होती है, इसके लिए सूक्ष्म एवं व्यापक स्तर और जमीनी स्तर पर प्रयासों की जरूरत होती है।/"सीतारमण ने कहा कि जीडीपी की रैंकिंग के साथ देश की छवि भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय गणना के साथ ये सभी कारक भी मायने रखते हैं। उन्होंने कहा, /"जब तक जीडीपी नहीं बढ़ेगी, हम अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा नहीं कर पाएंगे। हमें निवेश एवं सेवाओं को बढ़ाने, शैक्षणिक संस्थानों और लोगों को घर खरीदने एवं कारोबार शुरू करने के लिए धन की जरूरत होती है।/" वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास की गति पर सवाल उठाने और भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को एक अंकगणितीय अपरिहार्यता बताने के लिए पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की आलोचना भी की।

आरबीआई ने मौद्रिक नीति के बारे में सुझाव के लिए दो प्रमुख सर्वेक्षण शुरू किए

मुंबई (भाषा)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण और उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण शुरू करने की घोषणा की। इन सर्वेक्षणों से द्विमासिक मौद्रिक नीति के लिए महत्वपूर्ण सुझाव मिलेंगे। अगली मौद्रिक नीति समीक्षा पांच-सात जून, 2024 को होगी। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण का मकसद गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ और तिरुवनंतपुरम सहित 19 शहरों में व्यक्तिगत खपत के आधार पर कीमतों में उतार-चढ़ाव और मुद्रास्फीति के प्रभाव का आकलन करना है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण (सीसीएस) का उद्देश्य सामान्य आर्थिक स्थिति, रोजगार परिदृश्य, मूल्य स्तर, परिवारों की आय और खर्च पर प्रतिक्रिया हासिल करना है।

OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL, NARNAUL

नगर परिषद नारनौल में शामिल किए गए गांवों (किरारोद अफगान, नसी. बपुर, नूनी अव्वल, मीरपुर, शाहपुर अव्वल, कोजिन्दा) में स्थित नगर परिषद की कृषि योग्य भूमि को वर्ष 2024–25 के लिए खुली बोली पर दिनांक 08.05.2024 को प्रातः 10.00 बजे से नगर परिषद नारनौल कार्यालय में पट्टे पर छोडी जानी है। नियम व शर्तें निम्न प्रकार है।

1. यह कि बोली मु. 10,000/- रूपये सिक्योरिटी से बोली के पूर्व नगर परिषद कार्यालय में जमा करनी होगी। तभी बोलीदाता बोली दे सकेगा। जिस व्यक्ति के नाम बोली नही छुटेगी उनकी सिक्योरिटी की राशि बोली के बाद वापिस कर दी जाएगी।
2. यह कि कोई भी नगर परिषद का बाकीदार बोली नही लगा सकता।
3. यह कि सरकार की हिदायत अनुसार कुल रकबा का 1/3 हिस्सा अनुसूचित जाति के लिए पट्टे पर छोडा जाएगा।
4. यह कि अन्य प्लाट सामान्य श्रेणी के लिए कोई भी बोलीदाता बोली दे सकेगा।
5. यह कि बोली की किसी भी शर्त को मौके पर प्रशासन नगर परिषद स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।
6. यह कि बोली की स्वीकृत अधिकतम राशि बोली स्वीकृत होने के पश्चात मौके पर नगर परिषद में जमा करनी होगी।
7. यह कि शर्त पूरी ना करने की सूरत में किसी भी बोलीदाता की सिक्योरिटी की राशि जब्त कर ली जाएगी।
8. कृषि योग्य भूमि की एक वर्ष यानी 2024–25 के लिए पट्टे के लिए आम सूचना के लिए मुनादी करा दी गई है तथा अखबार में भी विज्ञापन प्रकाशित करवा दिया गया है।
9. सभी टैक्स पट्टेदार को देने होंगे।
10. बिजली का बिल यदि किसी प्रकार का होगा तो पट्टेदार द्वारा भरा जाएगा।
11. प्रस्तावित कृषि भूमि पर पट्टेदार किसी प्रकार का निर्माण नही करेगा।
12. भूमि पर लगे सभी उपकरण इत्यादि यदि कोई हो तो चालू हालत में प्राप्त करेगा और चालू हालत में वापिस करेगा।
13. बाकि शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद नारनौल

शब्द पहेली - 5497



बाएँ से दाए-
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

ऊपर से नीचे
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

शब्द पहेली -5496 का हल



आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
राजस्थान	9	8	1	16
कोलकाता	9	6	3	12
चेन्नई	9	5	4	10
हैदराबाद	9	5	4	10
लखनऊ	9	5	4	10
दिल्ली	11	5	6	10
गुजरात	10	4	6	8
पंजाब	9	3	6	6
मुंबई	9	3	6	6
बेंगलोर	10	3	7	6

ऑरेंज कैप

विराट कोहली
500 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप

जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

खबर संक्षेप

ओलंपिक क्वालीफायर टीम में बदलाव नहीं

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ ने नए ट्रायल के लिए समय की कमी के कारण अगले महीने इस्तांबुल में अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए लगभग उसी टीम का चयन किया है जिसने बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में भाग लिया था। इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर में एशियाई क्वालीफायर की टीम में शामिल तीन पहलवानों 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और अंडर 23 विश्व चैंपियन रितिका (76 किग्रा) को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि इन्होंने पिछले महीने बिश्केक में कोटा स्थान पक्का कर लिया था।

हमेशा से बल्लेबाजों का खेल रहा है टी-20

चेन्नई। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि टी20 प्रारूप हमेशा से बल्लेबाजों के अनुकूल रहा है और इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में तो यह एक कदम और आगे चला गया है। सनराइजर्स को चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को 78 रन से हराया। आईपीएल के इस सत्र में छह बार 250 से अधिक का स्कोर बन चुका है और 200 रन बनाकर भी जीत की गारंटी नहीं है। इससे पहले आईपीएल के इतिहास में दो ही बार 250 से अधिक का स्कोर बना था।

लाहौर, कराची, रावलपिंडी में होंगे चैंपियंस ट्रॉफी के मैच

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। पिछली बार इंग्लैंड में 2017 में हुई चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी मार्च में हो सकती है। भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है तो। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा।

सिंधू-लक्ष्य और प्रणय समेत सात बैडमिंटन खिलाड़ी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

साई मीडिया ने एक्स पर पोस्ट कर दी जानकारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के सात बैडमिंटन खिलाड़ियों ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ये सात खिलाड़ी चार अलग-अलग श्रेणी के हैं। साई मीडिया ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की है। इन सभी खिलाड़ियों ने रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

ओलंपिक इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक खेला जाएगा। इन सात खिलाड़ियों में से हाल में क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी

एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन हैं। इन दोनों ने पुरुष एकल वर्ग में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। वहीं, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू ने महिला एकल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। वह इस वर्ग में भारत की अकेली प्रतिद्वंद्वी हैं। सिंधू ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक और 2021 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। इससे पहले सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पहले ही पुरुष युगल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। दोनों की मौजूदा वर्ल्ड रैंकिंग तीन है। वहीं, महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीशा क्रास्तो की जोड़ी ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। इन सातों खिलाड़ियों के हाथों में बैडमिंटन में भारत को पदक दिलाने की जिम्मेदारी होगी।

थॉमस कप : भारत ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह, इंग्लैंड को 5-0 से रौंदा

चेंगडू। गत चैंपियन भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस कप बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने पहले मैच में थाईलैंड को 4-1 से हराया था। एच एच प्रणय ने हैरी हुआंग को 21-15, 21-15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बेन लेन और सीन वेंडी को युगल मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-15 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 से बढ़त दिला दी। दूसरी युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। आखिरी मैच में किरण जॉर्ज ने चोलान कायान को 21-18, 21-12 से मात दी। भारत का सामना आखिरी ग्रुप मैच में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया से होगा।

आईपीएल: फिल की फिफ्टी, वरूण ने झटके 3 विकेट

चक्रवर्ती-सॉल्ट ने नाइट राइडर्स को दिल्ली पर 7 विकेट से जीत दिलाई

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

वरूण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट के तूफानी अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट हराकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। दिल्ली के 154 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने सॉल्ट की 33 गेंद में पांच छक्कों और सात चौकों से 68 रन की पारी की बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 157 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सॉल्ट ने सुनील नारायण (15) के साथ पहले विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी भी की। कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 33) और वेंकटेश अय्यर (नाबद 26) ने चौथे विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस जीत से नाइट राइडर्स के नौ मैच में छह जीत से 12 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर है। दिल्ली की टीम 11 मैच में 10 अंक के साथ छठे स्थान पर है। दिल्ली ने इससे पहले चक्रवर्ती (16 रन पर तीन विकेट), हर्षित राणा (28 रन पर दो विकेट)

और वैभव अरोड़ा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुलदीप यादव (26 गेंद में नाबाद 35, पांच चौके, एक छक्का) दिल्ली की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे जबकि उनके अलावा कप्तान ऋषभ पंत (20 गेंद में 27 रन, दो चौके एक छक्का) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स को सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। उन्होंने लिजाड विलियम्स की पहली गेंद पर चौके से खाता खोला और फिर इसी ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। नारायण ने भी इसी ओवर में चौके से खाता खोला।

दिल्ली-153/9 (20)

खिलाड़ी	रन
पृथ्वी साव का सॉल्ट बो अरोड़ा	13
जेक का अय्यर बो स्टार्क	12
अभिषेक पोरेल बो राणा	18
शाई होप बो अरोड़ा	06
पंत का श्रेयस अय्यर बो चक्रवर्ती	27
अक्षर पटेल बो नारायण	15
स्टब्स का सॉल्ट को चक्रवर्ती	04
कुशाग्र का सॉल्ट बो चक्रवर्ती	01
कुलदीप यादव नाबाद	35
सलाम का श्रेयस अय्यर बो राणा	08
लिजाड विलियम्स नाबाद	01

अतिरिक्तः 13
कुलः20 ओवर में नौ विकेट परः153 रन
विकेट पतनः 1-17, 2-30, 3-37, 4-68, 5-93, 6-99, 7-101, 8-111, 9-140
गेंदबाजीः स्टार्क 3-0-43-1, अरोड़ा 4-0-29-2, राणा 4-0-28-2, नारायण 4-0-24-1, चक्रवर्ती 4-0-16-3, रसेल 1-0-10-0

केकेआर-157/3 (16.3)

खिलाड़ी	रन
फिल सॉल्ट बो अक्षर	68
सुनील का फ्रेजर बो अक्षर	15
रिंकू का कुलदीप बो विलियम्स	11
श्रेयस अय्यर नाबाद	33
वेंकटेश अय्यर नाबाद	26

अतिरिक्तः 04
कुलः16.3 ओवर में तीन विकेट परः 157 रन
विकेट पतनः 1-79, 2-96, 3-100
गेंदबाजीः विलियम्स 3-0-38-1, खलील 3-0-28-0, रसिक 2.3-0-30-0 अक्षर 4-0-25-2, कुलदीप 4-0-34-0

लखनऊ और मुंबई के मुकाबले में नजरें राहुल पर

लखनऊ। टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिए दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। टी20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरुआत करते आए हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं। वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है। पंत की जगह टी-20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिए आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है।

खास खबर

तीरंदाज दीपिका टॉप्स में फिर हुई शामिल

नई दिल्ली। शंघाई में हाल ही में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को पेरिस ओलंपिक से पहले टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम में फिर शामिल किया गया है। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल पूरे सत्र में बाहर रही दीपिका ने हाल ही में वापसी की है और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा खेल रही है। तीन बार की ओलंपियन रिकर्व तीरंदाज दीपिका ने इस साल एशिया कप में भी पदक जीता। खेल मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स विकास ग्रुप में शामिल किया गया है जबकि प्रवीण जाधव को विकास से कोर ग्रुप में डाला गया है। पैरा पावरलिफ्टर अशोक को भी कोर ग्रुप में रखा गया है। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने 133वीं बैठक में स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह, अभय सिंह और वेलावन सेंथिल कुमार को भी टॉप्स विकास ग्रुप में रखा है ताकि वे 2028 लॉस एंजिलिस खेलों की तैयारी कर सकें।

गेंदबाजों से एक कदम आगे रहते हैं यशस्वी

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी ने कहा कि गेंदबाजों से एक कदम आगे रहने की क्षमता के कारण ही ऋतुराज गायकवाड़ को आईपीएल के मौजूदा सत्र में इतनी सफलता मिली। पिछले मैच में नाबाद 108 रन बनाने के बाद चेन्नई के कप्तान गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 98 रन बनाए। हस्सी ने सनराइजर्स पर मिली जीत के बाद कहा, 'गायकवाड़ इतना शानदार खिलाड़ी है। मैं उससे पूछता रहता हूं कि उसके शानदार प्लेसमेंट का राज क्या है क्योंकि उसे हमेशा फील्डर के बीच में जगह मिल जाती है।'

सेंथिल कुमार ने जीता बाश ओपन स्क्वाश

पेरिस। भारत के वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन चैलेंजर टूर्नामेंट जीत लिया है जो प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन टूर पर उनका आठवां खिताब है। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार ने फ्रांस के मेलविल स्कियानिमानिको को 11-6, 11-9, 11-6 से हराया। सेंथिल ने जीत के बाद कहा, 'मेलविल ने बेहतरीन खेल दिखाया। मुझे शुरू ही से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पड़ा और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका।'

बृजेश, सागर और सुमित के पदक पक्के

अस्ताना। भारत के बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने एशियाई अंडर 22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के कर लिए। बृजेश (48 किलो) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया। दोनों मुक्केबाजों ने एक एक दौर जीता लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की। सागर (60 किलो) और सुमित (67 किलो) ने क्रमशः थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के होंग सियो जिन को 5-0 से हराया। जितेश को 54 किलोवर्ग में कजाखस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी।

दो साल के कार्यकाल में होने हैं तीन बड़े टूर्नामेंट

आईसीसी ट्रॉफी जीतना है कर्स्टन का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए एक सामान्य लक्ष्य रखा है कि उसे अगले तीन साल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के तीन टूर्नामेंटों में से कम से कम एक ट्रॉफी जीतनी होगी। अब और 2026 के बीच होने वाली प्रमुख प्रतियोगिताओं में 2024 (अमेरिका और वेस्टइंडीज) और 2026 (भारत) में दो टी20 विश्व कप के साथ-साथ 2025 एकदिवसीय चैंपियंस ट्रॉफी भी शामिल है जिसकी मेजबानी पाकिस्तान करेगा। भारत की विश्व कप विजेता टीम के मुख्य कोच रह चुके कर्स्टन चाहते हैं कि बाबर आजम और उनकी टीम कम से कम एक टूर्नामेंट जीते। वर्तमान में आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मार्गदर्शक कर्स्टन को रविवार को वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज कर्स्टन के पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे से पहले 22 मई से अपनी नई जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। कर्स्टन से उनके कार्यकाल के दौरान उनके लक्ष्यों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पॉडकास्ट में कहा, 'अगर आप उन तीन आईसीसी प्रतियोगिताओं में से एक जीत सकते हैं तो यह एक शानदार उपलब्धि होगी, चाहे वह आगामी प्रतियोगिता हो या अब से दो साल बाद।'

ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो

लाहौर। पाकिस्तान के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी जेसन गिलेस्पी चाहते हैं कि उनके 'प्रतिभाशाली' खिलाड़ी 'वास्तविक' बने रहें और किसी विशिष्ट पद्धति के अनुरुप अपने खेल में बदलाव नहीं करें। उनका कहना है कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रहने की जरूरत है। पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी को पुरुष टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया जबकि सफेद गेंद के प्रारूप में कोच की भूमिका दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सौंपी गई है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, आंशिक निरस्तीकरण/समय परिवर्तन एवं प्रारम्भिक/मार्ग परिवर्तन परिवर्तन

आधारिक असंरचना को और सुदृढ़ करने के लिए रेलवे द्वारा दिल्ली डिवीजन के दिल्ली – अम्बाला कैंट सेक्शन के निलोखेड़ी स्टेशन पर दिनांक 30.04.2024 से 07.05.2024 तक लूप लाईन एक्सटेंशन का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के निष्पादन हेतु रेलवे द्वारा उपरोक्त अवधि के दौरान उपयुक्त पॉवर एवं ट्रैफिक ब्लॉक्स लिए जाएंगे। परिणामस्वरूप, निम्नलिखित रेलगाड़ियां अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगीः–

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

रेलगाड़ी संख्या व नाम	निरस्त करने की तिथि (प्रारम्भिक स्टेशन से)
14053 दिल्ली जं.–दौलतपुर चौक (हिमाचल एक्स.)	30.04.2024, 01.05.2024, 02.05.2024 और 03.05.2024
14054 दौलतपुर चौक–दिल्ली जं. (हिमाचल एक्स.)	01.05.2024, 02.05.2024 03.05.2024 और 04.05.2024
04176 पानीपत जं. – अंबाला छावनी एक्सप्रेस	01.05.2024 और 02.05.2024
04140 अंबाला छावनी – कुरूक्षेत्र जं. एक्सप्रेस	02.05.2024 और 03.05.2024

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

रेलगाड़ी संख्या व नाम	मार्ग परिवर्तन वाया	तिथि (प्रारम्भिक स्टेशन से)
15707 कटिहार जं.–अमृतसर जं. एक्स.	जाखल–धूरी जं.–लुधियाना जं.	30.04.2024
11905 आगरा छावनी–होशियार पुर एक्स.	ह. निजामुद्दीन–गाजियाबाद–मेरठ सिटी–सहारनपुर–अंबाला छावनी	02.05.2024
11077 पुणे जं.–जम्मू तवी (झेलम एक्स.)	जाखल–धूरी जं.–लुधियाना जं.	01.05.2024
12266 जम्मू तवी–दिल्ली सराय रोहिल्ला (दुरन्तो एक्स.)	लुधियाना जं.–धूरी जं.–जाखल–दिल्ली सराय रोहिल्ला	02.05.2024
12312 कालका–हावड़ा (कालका मेल)	अंबाला छावनी–सहारनपुर–मेरठ सिटी–खुर्जा जं.	02.05.2024 और 03.05.2024

रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

रेलगाड़ी संख्या व नाम	स्टेशन जहाँ रेलगाड़ी यात्रा समाप्त / प्रारंभ करेगी	स्टेशनों के बीच रद्द रहेगी	निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से)
04178 कुरूक्षेत्र जं.–दिल्ली जं. एक्सप्रेस	पानीपत से	कुरूक्षेत्र–पानीपत	02.05.24 और 03.05.24
04405 ह.निजामुद्दीन–कुरूक्षेत्र जं. स्पेशल	पानीपत पर	पानीपत–कुरूक्षेत्र–पानीपत	01.05.24 और 02.05.24
04406 कुरूक्षेत्र जं.–ह.निजामुद्दीन स्पेशल	पानीपत से		02.05.24 और 03.05.24
11841 खजुराहो–कुरूक्षेत्र जं. एक्सप्रेस	पानीपत पर	पानीपत–कुरूक्षेत्र–पानीपत	06.05.24
11842 कुरूक्षेत्र जं.–खजुराहो एक्सप्रेस	पानीपत से		07.05.24

रेलगाड़ियों के प्रस्थान समय में परिवर्तन

दिनांक 30.04.2024 को गाड़ी सं. 12983 अजमेर जं.–चंडीगढ़ जं. गरीब रथ सायं 18.00 बजे के स्थान पर सायं 20.00 बजे अजमेर जं. से प्रस्थान करेगी

दिनांक 02.05.2024 और 03.05.2024 को गाड़ी सं. 14034 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–दिल्ली जं. जम्मू मेल सायं 15.20 बजे के स्थान पर सायं 17.50 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से प्रस्थान करेगी

दिनांक 02.05.2024 और 03.05.2024 को गाड़ी सं. 12414 जम्मू तवी–अजमेर जं. एक्सप्रेस सायं 18.15 बजे के स्थान पर सायं 20.15 बजे जम्मू तवी से प्रस्थान करेगी

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1283/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

स्मार्टफोन की 'लत' से युवाओं को बचाना जरूरी

तो क्या स्मार्टफोन ने दुनिया भर में चिंतित पीढ़ी पैदा कर दी है? सामाजिक मनोवैज्ञानिक जोनाथन हैडट ने अपनी नई शोधपरक किताब 'द एनक्सियस जेनरेशन' में कहा है कि इस बात के पर्याप्त सुबूत हैं कि स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य संकट पैदा कर रहा है। स्मार्टफोन के खतरे एक किताब का विषय जरूर है, लेकिन इसके दुष्प्रभाव व्यापक व विश्वव्यापी हैं। अब यह साबित हो चुका है कि स्मार्टफोन सभी उम्र के लोगों को बीमार बना रहा है। स्मार्टफोन का अत्यधिक इस्तेमाल आंखों की रोशनी छिन रहा है, शारीरिक गतिविधि कम कर रहा है, मानसिक विकार पैदा कर रहा है और अब करीब दो दशक में ही इसने एक चिंतित पीढ़ी पैदा कर दी है। स्मार्टफोन के सबसे अधिक शिकार किशोर हो रहे हैं। बच्चों व किशोरों तक स्मार्टफोन पहुंच को सीमित करने के लिए आज व्यक्तिगत, सामूहिक और विधायी कार्रवाई की आवश्यकता आन पड़ी है। दुनिया के साथ साथ भारत को भी जागने की जरूरत है। टेक सेवी होना प्रगतिशीलता की निशानी है, लेकिन टेक एडिक्ट होना मानसिक बीमारी है। स्मार्टफोन की लत के चलते मानसिक विकार के मामले बढ़ रहे हैं, हालांकि किसी भी स्मार्टफोन एडिक्ट को कभी नहीं आभास होता है कि उसको इसकी लत है, वे खुद को सामान्य मानकर चल रहे होते हैं। जो बच्चे स्मार्टफोन के साथ बड़े हुए हैं वे परेशानी में हैं। नए शोध के मुताबिक 2010 से 2015 की अवधि 'रीवायरिंग' की है, यह वह समय था जब किशोरों का तंत्रिका तंत्र स्मार्टफोन के व्यापक दैनिक उपयोग के कारण चिंता और अवसाद से ग्रस्त हो गया था। जेन ज़ेड (जेड पीढ़ी) स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग के चलते बड़ी मानसिक महामारी से पीड़ित हैं। खुद को नुकसान पहुंचाना, आत्महत्या दर, मानसिक विकारों और मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में भर्ती होने पर उपलब्ध आंकड़े खतरे के संकेत देते हैं। स्मार्टफोन की लत एक समाजव्यापी महामारी का रूप ले रही है। आज दुनिया पहले से ही अनियंत्रित ग्लोबल वार्मिंग, प्रणालीगत अन्याय, असुरक्षित कार्य भविष्य, भूराजनीतिक तनाव, अखाद्य खाद्यान्न के उत्पन्न विकार, युद्धगत भय, डर का व्यापार आदि का सामना कर रही है, ऐसे में स्मार्टफोन की लत से पैदा हो रही चिंतित पीढ़ी दुनिया को और कंप्लिकेटेड बना रही है। विश्व की सरकारों को नई पीढ़ी को बचाने के लिए इस दिशा में काम करना चाहिए। चूंकि स्मार्टफोन की दुनिया नित नए आविष्कारों से बदल रही है। एआई के बाद मेटावर्स के रूप में वर्चुअल तकनीक आ रही है, इससे स्मार्टफोन का एडिक्शन और बढ़ेगा। स्मार्टफ़ोन ने समस्याएं 2010 के आसपास शुरू कीं, जब वे सोशल मीडिया, हाई-स्पीड इंटरनेट, एक बैकवर्ड-फेसिंग कैमरा (सेल्फी को प्रोत्साहित करने वाला), नशे की लत वाले गेम, अश्लील साहित्य और मुफ्त ऐप्स के साथ जुड़ गईं। इस जहरीले तकनीकी मिश्रण ने स्मार्टफोन को बच्चों के जीवन पर कब्ज़ा करने की अनुमति दी। स्मार्टफोन के चलते किशोरों व युवाओं में नींद की कमी, ध्यान विखंडन, एडिक्शन, भावनात्मक अस्थिरता, इग्नोरेंस, एकाकीपन, क्रोध, चिड़चिड़ापन, मानसिक प्रदूषण, शारीरिक विकार, अंगूठे और कलाई की कमजोरी आदि पैदा हो रहे हैं। आज 51 फीसदी से अधिक लोग नोमोफोबिया (सेल फोन अलगाव चिंता) से पीड़ित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) स्मार्टफोन की लत के खतरे के प्रति चेता चुका है। अब जागने की जरूरत है।

सियासत

बाल मुकुन्द ओझा

फिर बोतल से बाहर आया आरक्षण का 'जिन्न'

आरक्षण के पक्ष और विपक्ष में सियासी बयानबाजी से देश एक बार फिर सुलगने लगा है। जैसे ही चुनाव आते हैं आरक्षण को लेकर नेताओं के स्वर तेज हो जाते हैं। देश भर में चल रहे चुनावी माहौल के बीच भाजपा और कांग्रेस में आरक्षण को लेकर बयानबाजियां चल रही हैं। वोटों की फसल काटने का यह दुधारू और भोथरा हथियार बन गया है। आरक्षण की गंगा में नहाने के लिए सभी लोग प्रयासरत है। लोकसभा चुनाव के दो चरण बीत चुके हैं, लेकिन इसी बीच आरक्षण का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है तो भाजपा ने उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस ने दलितों और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी संविधान प्रदत आरक्षण का समर्थन किया है। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने कहा कि संगठन भेदभाव व्याप्त रहने तक आरक्षण लागू रखने की वकालत करता है। मोदी के 400 पार के नारे के जवाब में विपक्ष ने इसे आरक्षण से जोड़ दिया है। हालांकि विपक्ष की इस मंशा को भांपकर भाजपा और संघ सतर्क हो गया है। यही वजह है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि जब तक जरूरत होगी आरक्षण जारी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने भी रविवार को अपनी चुनावी सभाओं के दौरान साफ कर दिया कि आरक्षण खत्म नहीं होने जा रहा है। सियासत में आरक्षण, ध्रुवीकरण और जातिवाद बेहद संवेदनशील मुद्दा है। चुनाव के दौरान राजनीतिक दल इसे जमकर भुनाते हैं।

संविधान निर्माताओं ने दलितों-पिछड़ों को समाज में बराबरी का दर्जा देने की मंशा से आरक्षण लागू किया था। मगर संविधान की भावना पर सियासत भारी पड़ी। आरक्षण को लेकर देश में शुरू से ही दुविधा की स्थिति हो रही है। कोई सर्व मान्य हल नहीं निकलने के कारण आरक्षण को लेकर देश भ्रमजाल से नहीं निकल पा रहा है। संविधान की भावना कभी भी जाति आधारित आरक्षण की नहीं थी बल्कि सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों को बराबरी पर लाने की थी। जब संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी ने स्वयं से पिछड़ा वर्ग शब्द जोड़ा था तो सवाल उठे थे। उस समय डॉ. आंबेडकर ने सदस्यों को यह कह कर संतुष्ट कर दिया था कि ये भविष्य में सरकार के विवेकाधिकार पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

सामाजिक-आर्थिक बराबरी का लक्ष्य हासिल करने के लिए संविधान में जिस आरक्षण की व्यवस्था की गई थी, वह लक्ष्य पूरा हुआ या नहीं, यह आज भी बहस का मुद्दा है। यह सही है आरक्षण ने कमजोर वर्ग में एक मलाईदार तबका भी पैदा किया है, जिसके कारण इसका पूरा लाभ जरूरतमंदों को नहीं मिल पाता, पर इसका मतलब यह नहीं कि आरक्षण की व्यवस्था ही खत्म कर दी जाए। दरअसल आरक्षण में व्याप्त विसंगतियां राजनीतिक पार्टियों की सोच का नतीजा हैं, जिनके लिए आरक्षण अपनी सत्ता बचाए रखने का औजार है। हमारे देश में आरक्षण पर राजनीति और दुष्प्रचार कब तक होता रहेगा। यह एक ज्वलन्त विषय है, जो अभी तक भी आम जनता की समझ से परे नजर आ रहा है। हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने जो फैसला दिया है। उसे लेकर भी राजनीतिक दल भ्रम फैला रहे हैं। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले भी यह फैसला दिया था कि सरकारी नौकरी में प्रमोशन के अवसर पर आरक्षण देने के लिए बाध्यता नहीं है। मगर इस फैसले की आड़ में यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि सर्वोच्च न्यायालय आरक्षण को ही खत्म करने जा रहा है। न्यायालय के फैसले के साथ साथ यह भी प्रचारित किया जा रहा है कि केंद्र सरकार भी इसके लिए जिम्मेदार है। अनेक प्रमुख राजनेता व राजनैतिक दल न्यायालय के इस फैसले को तीन तलाक, धारा 370 तथा नागरिकता संशोधन कानून से जोड़ रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान निर्माताओं की उस व्यवस्था व भावना को उल्लेखित किया है, जिसके अंतर्गत आरक्षण को मूलभूत अधिकार नहीं माना गया है। यह भी सच है कि सामाजिक न्याय के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत के संविधान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था दी हुई है। साथ ही सच्चाई यह भी है कि स्वयं संविधान निर्माता इस व्यवस्था को लंबे काल तक चलाने के लिए पक्ष में नहीं थे। लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक न्याय बराबरी की बेसिक चीजें हैं। आरक्षण उस तक पहुंचने का एक तरीका भर है, मगर कोई मौलिक अधिकार नहीं है। आरक्षण को तब तक ही लागू रखा जाना आवश्यक प्रतीत होता है, जब तक जरूरत लगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अब विकास मॉडल में सुधार जरूरी

अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहाँ देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं ही रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कुराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए।

इन दिनों पूरे देश में ही नहीं, पूरी दुनिया में अर्थ विशेषज्ञ एकमत से टिप्पणी कर रहे हैं कि यदि भारत अपने विकास मॉडल में तेज विकास के साथ समावेशी विकास तथा रोजगार एवं साझी समृद्धि की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ेगा तो भारत वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के सपने को साकार कर सकेगा। इस समय दुनिया में कोई 40 ही देश विकसित हैं, जिनमें प्रमुख रूप से विकसित यूरोपीय देश हैं। भारत इस समय विकासशील देश है। अब भारत के विकसित राष्ट्र बनने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होने की संभावनाओं के कई आधार हैं। भारत दुनिया में वैश्विक सुस्ती की चुनौतियों के बीच आर्थिक विकास की डगर पर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 अप्रैल को प्रकाशित वैश्विक परामर्श एजेंसी डेलॉयट इंडिया की नई रिपोर्ट के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.6 से 7.8 प्रतिशत कर दिया है। कहा गया है कि भारत में मध्यम आय वर्ग के लोगों की संख्या में तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 2 साल से वृद्धि के मजबूत आंकड़ों ने अर्थव्यवस्था को कोविड के पहले के स्तर में आने में मदद की है। बुनियादी ढांचे पर सरकार के व्यय में तेजी से निवेश को समर्थन मिला है। इससे भारत को वृद्धि की रफ्तार तेज रखने में मदद मिली है। निसंदेह यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मजबूत घरेलू मांग और कामकाज करने वाली आबादी को देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने भी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान 6.4% से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है।

निश्चित रूप से विकसित भारत बनने के लिए भारत की मुठ्ठियों में कई महत्वपूर्ण संभावनाएँ हैं। भारत में पिछले वर्ष 2023 में आयोजित जी-20 के शानदार सफल आयोजन से भारत के पास विकास के नए सूत्र आए हैं। भारत के पास पिछले 10 वर्षों की शानदार विरासत है। यह भारत का ऐसा समय है जब हमारी आर्थिक वृद्धि लगातार बढ़ रही है। भारत में स्थिति मैन्युफैक्चरिंग, निवेश और निर्यात के मद्देनजर उपयुक्त हैं। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश तेजी से आगे बढ़ा है। वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से बढ़ा है। वैश्विक सुस्ती के बीच भारत का शेयर बाजार नई ऊँचाइयों पर है। पिछले एक दशक में हुए रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म देश के विकास के लिए गेमचेंजर रहे हैं। भारत में अहम आर्थिक सुधार हुए और इन सुधारों में जन धन, आधार और मोबाइल आधारित सब्सिडी सुधार (जेएएम), वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) प्रमुख हैं।

निसंदेह इस समय भारत के पास टिकाऊ विकास के

अभूतपूर्व अवसर हैं। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत दी जा रही है। भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थाई सदस्य देश बनाने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का समर्थन रेखांकित हो रहा है और भारत वैश्विक मंच पर बड़ी भूमिका के लिए तैयार है। भारत के तेजी से बढ़े कृषि क्षेत्र से दुनिया की उम्मीदें बढ़ गई हैं। तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) बढ़ रहे हैं। प्रवासी भारतीयों के द्वारा लगातार भारत की ओर अधिक रेमिटेंस भेजा जा रहा है।

इस समय वैज्ञानिकों के द्वारा अंतरिक्ष, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा तथा नए तकनीकी विकास के कारण आर्थिक विकास को गति मिल रही है चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरकर सामने आया है। अब भारत में लॉजिस्टिक लागत में कमी आने लगी है। इतना ही नहीं भारत दुनिया के 85 देशों को हथियार व सैन्य सामग्रियों का निर्यात भी कर रहा है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षों में किए गए आर्थिक और वित्तीय सुधारों के साथ-साथ कठोर प्रशासनिक निर्णयों से देश में आर्थिक विकास की रफ्तार बढ़ी है। इसके साथ-साथ दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, स्टार्टअप का दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ना, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के लिए बढ़ते हुए नए दौर के कौशल निर्माण कार्यक्रम, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैरजरूरी आयात में कटौती, खेलों के क्षेत्र में भारत की लंबी छलांगों से लाभांवित होती भारतीय अर्थव्यवस्था और बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता देश के टिकाऊ विकास की बुनियाद बन गई हैं।

निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहाँ देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं ही रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कुराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए। देश में 19 करोड़ से अधिक महिलाओं को पेड वर्कफोर्स में शामिल करने की रणनीति को अमलीजामा पहनाना होगा। हमें विकास के लिए चीन की कम कौशल वाले विनिर्माण की नीति को अपनाने की बजाय हमारे शक्तिशाली सर्विस सेक्टर के जरिए विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ना होगा। कई अहम सुधारों को वैधानिक बनाते हुए उनका तेजी से क्रियान्वयन करना होगा। कृषि, श्रमिक, भूमि भ्रष्टाचार के उन्मूलन और अन्य सुधारों की डगर पर तेजी से बढना होगा। यद्यपि केंद्र सरकार 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में तब्दील करने की महत्वाकांक्षी योजना को आकार देने में सफल रही है, लेकिन ये अब तक लागू नहीं हुई है। अब एक ऐसे समय में जब कई देशों की कंपनियाँ चीन से बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार स्थानांतरित करते हुए दिखाई दे रही हैं तब हम अच्छे श्रम कानूनों से इसका लाभ उठा सकते हैं। देश के तेज विकास के लिए उभरते क्षेत्रों में शोध एवं विकास क्षेत्र में जरूरी निवेश पर्याप्त नहीं है। शोध एवं विकास के क्षेत्र में भारत का प्रति व्यक्ति व्यय दुनिया में विभिन्न तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मन की कड़वाहट मिटाने से संबंधों में समरसता आएगी

संकलित

दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

महिला के शुभ कदम

संकलित

प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछाः केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदारः केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहाः ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े देदूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोलाः यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है।

अंतर्मन

आज की पाती

मसाला कंपनियों की साख पर आंच न आए

हमारे देश की मसालों की दो मुख्य कंपनियों की इनके उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर जो हांगकांग और सिंगापुर ने सवाल खड़े किए हैं, वो गले नहीं उतर रहे, क्योंकि ये दोनों कंपनियां अपने उत्पादों की उचित जांच खुद करके और संबंधित सरकारी विभाग से भी जांच करवाने के बाद ही अपने उत्पादों को बेचने के लिए बाजार में उतारती हैं और विदेशों को भेजती हैं। दूसरी चीज, ये कंपनियां पिछले लंबे अरसे से अपने उत्पादों को बेच रही हैं। एमडीएच को तो मसालों का कारोबार करते हुए 75 वर्ष से ऊपर का समय हो चुका है। ऐसे में भारत सरकार को, इन कंपनियों पर हांगकांग और सिंगापुर ने जो आरोप लगाए हैं, उनकी उचित और निष्पक्ष जांच करवानी चाहिए। *-दिलीप तिवारी, बिलासपुर*

ट्रेंड

इसमें कोई सवाल नहीं

राहुल गांधी और कांग्रेस आरक्षण को लेकर देशवासियों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में अल्पसंख्यकों को आरक्षण देकर एवं जामिया और एउमयू जैसी संस्थाओं में एसी, एसटी और ओबीसी को वंचित रखकर आरक्षण खत्म करने का प्रयास किया है।

-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री

कांग्रेस चट्टान की तरह

भाजपा नेताओं का उद्देश्य है, संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना। लेकिन कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

पेपर लीक हो गया

मात्र 17 महीनों में हमने 5 लाख नौकरियां दी। सभी विभागों की रिक्तियों को भरने के आदेशानुसार 3 लाख से अधिक नौकरियां प्रक्रियाधीन करवाई और तीसरे चरण के लिए विज्ञापित एक लाख सशिक्षकों की भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

अच्छा लगेगा

मेरे दोस्त सतीश कौशिक के घर जाकर शशि और उनकी बेटी (मेरी भी) वंशिका से मिलना हम तीनों को अच्छा लगता है।बातों और चाय पानी के अलावा वंशिका के साथ एक रील भी बनाना हम दोनों का पर्सनल रूटीन है। आप भी देखिए।आपको भी अच्छा लगेगा। **-अनुपम खेर, अभिनेता**

करंट अफेयर

पर्यावरण कार्यकर्ता टेरेसा को ग्रीन नोबल पुरस्कार

यूरोप के सबसे बड़े लगून के सरंक्षण के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने वालीं पर्यावरण कार्यकर्ता टेरेसा विसेंट ने गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार जीता है, जिसे 'ग्रीन नोबेल' के नाम से जाना जाता है। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए विसेंट कहती हैं कि उस समय वह स्पेन के मार मेनोर में बिल्कुल स्वच्छ पानी में तैरती थीं और समुद्री जीव उसमें साफ नजर आते थे लेकिन खनन और विकास कार्यों की वजह से होने वाले दीर्घकालिक प्रदूषण ने यूरोप के सबसे बड़े, खारे पानी के लगून को लगभग बर्बाद कर दिया। समुद्री तटों पर ज्वार की वजह से जब पानी की लहरें उठती हैं तो पानी तट पार कर आगे सूखे हिस्से में आ जाता है। लेकिन बाद में यह पानी भाटा के समय वापिस समुद्र में नहीं जाता। इस पानी के अवशोषण के कारण जमीन का यह भाग सतह से थोड़ा नीचे चला जाता है और झील बन जाती है जिसे लगून कहते हैं। वर्ष 2019 में बड़े पैमाने पर मछलियों की मौत ने दर्शनशास्त्र की प्रोफेसर विसेंट को लगून के सरंक्षण के लिए कार्य करने को प्रेरित किया। अगले कुछ वर्षों में 61 वर्षीय विसेंट ने क्षेत्र की पारिस्थितिकी की दृष्टि से अहम जलक्षेत्र लगून को खत्म होने से बचाने के लिए जमीनी स्तर के एक अभियान का नेतृत्व किया।

ऑफ बीट

क्या स्मार्टफोन ने 'चिंतित पीढ़ी' पैदा कर दी है?

सामाजिक मनोवैज्ञानिक जोनाथन हैडट की नई किताब द एनक्सियस जेनरेशन तत्काल कार्रवाई का आह्वान करती है। हैडट का तर्क है कि इस बात के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं कि किशोरों द्वारा स्मार्टफोन का व्यापक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य संकट का कारण बन रहा है। उनकी स्मार्टफ़ोन पहुंच को सीमित करने के लिए व्यक्तिगत, सामूहिक और विधायी कार्रवाई की आवश्यकता है। हैडट ने अपनी पुस्तक की शुरुआत एक रूपक से की है। कल्पना कीजिए कि किसी ने आपको अपने दस वर्षीय बच्चे को मंगल ग्रह पर बड़ा होने का अवसर दिया है, इसमें दो राय नहीं हैं कि विकिरण और कम गुरुत्वाकर्षण स्वस्थ किशोरों के विकास को बाधित कर सकता है, जिससे दीर्घकालिक पीड़ा हो सकती है। निश्चित रूप से, जोखिमों को देखते हुए, आप प्रस्ताव को अस्वीकार कर देंगे। एक दशक पहले, माता-पिता अपने उत्साहित किशोरों को दिए जाने वाले चमकदार नए स्मार्टफ़ोन के भीतर छिपे खतरों को नहीं जान सकते थे। लेकिन इस बात के सबूत बढ़ रहे हैं कि जो बच्चे स्मार्टफोन के साथ बड़े हुए हैं वे परेशानी में हैं। हैडट 2010 से 2015 की अवधि को 'महान रीवायरिंग' कहते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

सियासी संग्राम : सत्ता के लिए नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज

प्रधानमंत्री मोदी का विपक्ष पर तीखा हमला

पहले दो चरणों में ही हार गया 'इंडिया' गठबंधन

सोलापुर (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस अपनी 'दागदार पृष्ठभूमि' के बावजूद सत्ता हथियाने का सपना देख रही है लेकिन उसे इस बात की जानकारी नहीं है कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में 'इंडिया' गठबंधन पहले ही हार चुका है। मोदी ने सोलापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि नेतृत्व को लेकर 'इंडिया' गठबंधन में एक 'महायुद्ध' हो रहा है और वे 'पांच वर्ष में पांच प्रधानमंत्री' का फार्मूला लेकर आए हैं, जो अंततः देश को लूटेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों ने 10 वर्ष तक उनकी परीक्षा ली है जबकि 'इंडिया' गठबंधन में नेतृत्व का संकट है। मोदी ने कहा, ''इस चुनाव में आप अगले पांच वर्ष के विकास की गारंटी चुनेंगे।

इन्होंने देश को भ्रष्टाचार और कुशासन दिया

पीएम ने कहा कि इन्होंने 2014 से पहले देश को भ्रष्टाचार, आतंकवाद और कुशासन दिया। अपने दागदार इतिहास के बावजूद कांग्रेस एक बार फिर देश में सत्ता हथियाने का सपना देख रही है लेकिन उन्हें नहीं पता कि चुनाव के पहले दो चरणों में इंडिया गठबंधन को परास्त कर दिया गया है।'' उन्होंने कहा कि जनता ने 10 वर्ष तक मोदी की परीक्षा ली है और उसने उनका हर कदम देखा है और उनके हर शब्द को मापा है। उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ नेतृत्व को लेकर 'इंडिया' गठबंधन में 'महायुद्ध' हो रहा है।

कांग्रेस धर्म आधारित आरक्षण की योजना बना रही है, मैं ऐसा नहीं होने दूंगा

बागलकोट (कर्नाटक) (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति के लिए देश में धर्म आधारित आरक्षण की योजना बनाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि वह किसी भी सूरत में ऐसा नहीं होने देंगे। यहां जिला मुख्यालय में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह प्रस्ताव अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है क्योंकि अनुसूचित जाति (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ है। उन्होंने कहा, ''कर्नाटक में कांग्रेस ने संविधान बदलने और एससी/एसटी और ओबीसी के अधिकार छीनने का अभियान शुरू किया है।

आरक्षण को लेकर राहुल गांधी ने घेरा

संविधान को बदलना और नष्ट करना चाहती भाजपा

बिलासपुर (भाषा)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वे संविधान को बदलना और नष्ट करना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के सकरी गांव में एक रैली को संबोधित करने के दौरान गांधी ने 'संविधान' को हाथ में लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्या दुनिया की कोई भी ताकत इसे न तो रद्द कर सकती है और न ही इसे फाड़ सकती है। यह रैली बिलासपुर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र यादव के पक्ष में आयोजित की गई थी। गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी, इंडिया गठबंधन और दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के लोग हैं।

गरीबों को अधिकार देता है संविधान

उन्होंने संविधान की पुस्तक को दिखाते हुए कहा, ''यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है, संविधान को प्रधानमंत्री जी, भाजपा के नेता और आरएसएस के लोग बदलना और खत्म करना चाहते हैं। एक तरफ वह संविधान को खत्म करने में लगे हैं, दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी इसे बचाने की कोशिश कर रही है।'' गांधी ने कहा कि संविधान सिर्फ एक पुस्तक नहीं है, बल्कि यह इस देश में गरीबों को अधिकार देता है, उनकी रक्षा करता है और उनके भविष्य की देखभाल करता है, लेकिन भाजपा चाहती है कि इसे फाड़ कर फेंक दिया जाए।

ये लगातार आरक्षण को खत्म कर रहे

कांग्रेस नेता ने इस दौरान भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, ''भाजपा के नेता कहते हैं कि संविधान को खत्म कर देंगे। आरक्षण को खत्म कर देंगे। इस संविधान से आरक्षण निकला, वोट निकला, पब्लिक सेक्टर निकला। आपका जो हक है वह सब संविधान की देन है। यदि यह चला गया तब आदिवासी भाइयों का जल, जंगल, जमीन और जीने का तरीका चला जाएगा।'' गांधी ने कहा, ''वो (भाजपा) कहते हैं कि हम आरक्षण के खिलाफ नहीं है। लेकिन जब वो किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम का निजीकरण करते हैं तब आरक्षण खत्म करते हैं। ठेकेदारी प्रथा लागू करते हैं तब यह आरक्षण को खत्म करते हैं।

वीवीपैट पर्चियों का मिलान करने संबंधी याचिका खारिज

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) पर्चियों का मिलान 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' (ईवीएम) के जरिये डाले गए मतों से करने का मुद्दा उठाने वाली एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि शीर्ष अदालत की एक पीठ ने इस मुद्दे पर पिछले हफ्ते अपना फैसला सुनाया था। न्यायालय ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि एक पीठ पहले ही निर्णय सुना चुकी है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने जब कहा कि मुद्दा पारदर्शिता का है और शीर्ष अदालत ने कुछ उपाय सुझाये थे, इस पर न्यायालय ने कहा, ''एक अन्य पीठ दो दिन पहले एक आदेश जारी कर चुकी है।'' पीठ ने 26 अप्रैल को उन याचिकाओं को खारिज कर दिया था, जिनमें ईवीएम से डाले गए मतों का वीवीपैट पर्चियों के साथ पुनः सत्यापन करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

खरगे ने किया प्रहार, कांग्रेस को बढ़त का दावा

पीएम गांधी परिवार को गाली दे रहे, उनके पास कोई उपलब्धि नहीं

गुर्मत्कल (कर्नाटक) (भाषा)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गांधी परिवार को गाली दे रहे हैं क्योंकि उनके पास श्रेय लेने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। यादगिर जिले के गुर्मत्कल कस्बे में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए खरगे ने दावा किया कि शुरुआती दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस को बढ़त मिली है जिससे मोदी चिंतित हैं। खरगे के दामाद राधाकृष्णा डोड्डामणि कलबुर्गी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं जहां पर सात मई को मतदान होगा और गुर्मत्कल इस निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है।

मतदाताओं को गुमराह कर रहे

उन्होंने कहा, ''हर कोई जानता है कि इस देश में मोदी के जन्म से पहले और बाद में क्या था, लेकिन वह अभी तक जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, लालबहादुर शास्त्री, राजीव गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मुझे गाली देते हैं क्योंकि उनके पास श्रेय के लिए कुछ भी नहीं है। मोदी हताशा में कहते हैं कि कांग्रेस हर किसी की संपत्ति छीनकर उसे मुसलमानों के बीच बांट देगी।

शाह की बिहार में रैली, जमकर साधा निशाना

विपक्ष के पास चेहरा नहीं, देश को मजबूर नहीं, मजबूत नेतृत्व चाहिए

मधुबनी/बेगूसराय (बिहार)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' गठबंधन के पास अगले पांच सालों के लिए प्रधानमंत्री पद का कोई एक चेहरा नहीं होने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि ''देश को मजबूर नहीं, मजबूत नेतृत्व'' चाहिए। बिहार के झंझारपुर और बेगूसराय संसदीय क्षेत्र में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए शाह ने जनता से मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए जनादेश दिए जाने की अपील की।

भाजपा ने पिछड़े समाज को सम्मान प्रदान किया

उन्होंने कहा कि मधुबनी जिला अंतर्गत फुलपरास विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर का सम्मान कांग्रेस और राजद की सरकारों ने नहीं किया, पर मोदी ने उन्हें ''भारत रत्न'' से सम्मानित करके बिहार के समस्त पिछड़े समाज को सम्मान प्रदान किया है। शाह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़े समाज से आते हुए जो लोकप्रियता हासिल की वह आज भी कई लोगों की ईर्ष्या का कारण बनी हुई है।

राजनाथ सिंह ने दाखिल किया नामांकन पत्र

लखनऊ (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लखनऊ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्य मुख्यालय से प्रमुख नेताओं और समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्वाचन अधिकारी के समक्ष सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सिंह ने सबसे पहले 2014 में लखनऊ सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और विजयी हुए। 2019 में भी यहां से उन्होंने अपनी जीत बरकरार रखी। रक्षा मंत्री तीसरी बार लखनऊ से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

ममता बनर्जी बोलीं

यूसीसी से हिंदुओं को कुछ फायदा नहीं होगा

जंगीपुर। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने यूसीसी को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। सीएम ममता ने कहा कि चुनाव से पहले (यूसीसी) को एक राजनीतिक चाल के रूप में इस्तेमाल करने के लिए भाजपा ने इसे मुद्दा बनाया है। ममता ने कहा कि इससे हिंदुओं को कोई फायदा नहीं होने वाला है, ये बस भाजपा की भड़काने की राजनीति है।

विक्रमादित्य ने दी चुनौती

बेकार शब्दों का प्रयोग कर रहीं कंगना रनौत

मंडी। क्षेत्र मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने एक बार भाजपा प्रत्याशी और एक्ट्रेस कंगना रनौत को उनकी शब्दावली को लेकर तंज कसा है। उन्होंने उनकी भाषा को टपोरी वाली बताया।उन्होंने कहा कि कंगना रनौत टपोरी शब्दावली का प्रयोग कर रही हैं।

पीएम चेहरे को लेकर नड्डा ने घेरा

विपक्ष के पास प्रधानमंत्री पद का दावेदार ही नहीं

हैदराबाद (भाषा)। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर हमला तेज करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को सवाल किया कि उसकी ओर से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा। नड्डा ने तेलंगाना के कोठागुडेम और महबूबाबाद में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर भाजपा और उसके सहयोगी लोकसभा चुनाव जीतते हैं तो नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे लेकिन कोई नहीं जानता कि 'इंडिया' गठबंधन का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन है। उन्होंने कहा, ''हमने तय किया है कि नरेन्द्र मोदी हमारे प्रधानमंत्री होंगे। लेकिन, मैं जानना चाहता हूं कि 'इंडिया' गठबंधन के 'घमंडिया' गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री कौन बनेगा। क्या किसी को पता है?'' उन्होंने कहा, ''कौन बनेगा प्रधानमंत्री? मोदी जी बन जाएंगे। लेकिन, वहां (इंडिया गठबंधन) से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन है? उम्मीदवार कौन है? भगवान न करे अगर राहुल गांधी बन जाएं, अगर कोई उन्हें आगे कर दे तो क्या वह कोरोना (महामारी) से लड़ पाएंगे ।'

इंटरव्यू : पीएम बोले-यह साफ है कि मुझे अगले 100 दिन और 2047 तक क्या करना है?

घर की बिजली और ट्रांसपोर्ट पर होने वाला खर्च घटाकर जीरो पर ले आएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी कोशिश लोगों का बिजली और ट्रांसपोर्ट पर होने वाला खर्च घटाकर जीरो पर लाने की है। उन्होंने यह भी कहा कि तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर उनकी प्राथमिकता इंडिया को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना होगी। प्रधानमंत्री ने ये बातें एक ताजा इंटरव्यू में कहीं। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि हर घर की छत पर सोलर पैनल्स लगाए जाएं। इससे घरों को बिजली मिलेगी, जिससे इलेक्ट्रिसिटी पर आने वाला उनका खर्च घटकर शून्य पर आ जाएगा।

भारत मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप हब भी बनेगा

दुनिया में इंडियन इकोनॉमी की स्थिति के बारे में बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हम 11वें पॉजिशन पर थे। हम काफी कोशिश के बाद इसे 5वें पायदान पर लाए। अब हम और कोशिश करेंगे और देश को तीसरे पायदान पर लाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार अगले पांच साल में इंडिया को स्टार्टअप हब, मैन्युफैक्चरिंग हब और इनोवेशन हब बनाने की भी कोशिश करेगी।

पीएम मोदी ने तीन प्राथमिकताएं बताईं

पीएम मोदी ने कहा कि मैं तीन चीजें चाहता हूं। पहला, हर घर का बिजली पर होने वाला खर्च जीरो हो जाए। दूसरा, हम अतिरिक्त बिजली को बेचकर पैसे कमाएं। तीसरा, हम ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं, क्योंकि इलेक्ट्रिक व्हीकल का जमाना आएगा। उन्होंने कहा कि घर में रिन्यूएबल एनर्जी की सुविधा होने से आम आदमी पेट्रोल और डीजल पर पैसे खर्च करने की बजाए घर में स्कूटर और कार को चार्ज कर सकेगा।

एडीआर की रिपोर्ट

तीसरे चरण के चुनाव में 46% उम्मीदवार करोड़पति

लखनऊ (भाषा)। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 10 लोकसभा सीट के लिये मैदान में उतरे 46 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं और 20 फीसद प्रत्याशियों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 'उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच' और 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 10 सीट आगरा, आवला, बदायूं, बरेली, एटा, फतेहपुर सिकरी, फिरोजाबाद, हाथरस मैनपुरी और संभल में चुनाव लड़ रहे सभी 100 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया। 'यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर' के मुख्य संयोजक संजय सिंह ने सोमवार को यह रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि तीसरे चरण के चुनाव में 100 में से 46 यानी 46 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं।

प्रवीन सिंह सबसे अमीर इनके पास 182 करोड़

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी 10 प्रत्याशी, समाजवादी पार्टी (सपा)और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सभी नौ-नौ उम्मीदवार, पीस पार्टी के तीन में से एक प्रत्याशी, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी के दो में से एक और जन शक्ति एकता पार्टी का एकमात्र उम्मीदवार करोड़पति है। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के प्रत्याशियों में बरेली से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे प्रवीन सिंह एरन की संपत्ति सबसे ज्यादा लगभग 182 करोड़ है। इसी तरह फिरोजाबाद से सपा के प्रत्याशी अक्षय यादव की संपत्ति लगभग 136 करोड़ है। सबसे कम संपत्ति आगरा लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हसनुराम अम्बेडकरी की है।

25% फीसदी पर आपराधिक मामले दर्ज

यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलो में 100 में से 25 (25%) उम्मीदवारों ने अपने विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामले की जानकारी दी है। इनमें से 20 (20%) उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं। अपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों का दलवार विवरण देखा जाये तो भाजपा के 10 में से चार (40%), सपा के नौ में से पांच (56%), बसपा के नौ में से चार (44%) और राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के दो में से एक (50%) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले दर्ज होना घोषित किया है। आपराधिक मामलों में फतेहपुर सीकरी से कांग्रेस के उम्मीदवार रामनाथ सिंह सिकरवार पर 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

दादर नगर हवेली एवं दमन और दीव में भगवा लहराने की रणनीति से चुनाव मैदान में भाजपा

ओ.पी. पाल ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में केंद्र शासित दादर नगर हवेली और दमन और दीव की दो लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होना है। इन दोनों सीटों में जहां दादर नगर हवेली सीट पर सियासी समीकरण भाजपा और कांग्रेस जैसे प्रमुख दलों के ईर्दगिर्द रहे हैं, लेकिन कई बार निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी इन दोनों दलों को आइना दिखाकर अपना दम दिखाया है। जबकि दमन और दीव सीट भाजपा का सियासी गढ़ बना हुआ है, जिसे भेदने के लिए कांग्रेसनीत विपक्षी गठबंधन इंडिया ठोस रणनीति के साथ चुनाव मैदान में है। दरअसल दो अलग अलग केंद्र शासित प्रदेशों के विलय के बाद यूटी की इन दोनों सीटों पर पहली बार लोकसभा चुनाव हो रहा है, इसलिए सियासत की इस जंग में ऐसे छोटे संसदीय क्षेत्रों में बसपा जैसे अन्य राजनीतिक दल भी अपनी सियासी जमीन बोने की जुगत में हैं।

कुल 12 प्रत्याशी मैदान में : केंद्र शासित प्रदेश दादर नगर हवेली का साल 2020 में केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव के साथ विलय करके इसे दादर नगर हवेली और दमन और दीव के रुप में एक केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया। हालांकि यहां की दो लोकसभा सीटों के राजनीतिक क्षेत्र पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। दादर नगर हवेली लोकसभा सीट पर फिलहाल शिवसेना की कलावती डेलकर सांसद है, जिसे इस बार भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। खासबात ये है कि इस सीट पर हर चुनाव में सियासी समीकरण बदलते देखे गये हैं, जहां कई निर्दलीय प्रत्याशियों ने भाजपा व कांग्रेस को पीछे छोड़कर जीत का स्वाद चखा है। इसके विपरीत दमन और दीव लोकसभा सीट का भाजपा का गढ़ माना जाता है, जहां पिछले डेढ़ दशक से भी भाजपा के लालूभाई पटेल सांसद हैं और इस बार भी वह भाजपा से चौथी बार चुनाव मैदान में है। इस सीट पर पिछले 15 साल से कांग्रेस जीत का इंतजार कर रही है, इसलिए कांग्रेस ने भाजपा की रणनीति के खिलाफ दो बार सांसद रहे केतन दहयाभाल पटेल को अपना प्रत्याशी बनाया है। जबकि कांग्रेस ने दादर नगर हवेली सीट पर अजीत रामभाई महला पर चुनावी दांव खेला है। यूटी की इन दोनों सीटों पर भाजपा, कांग्रेस व बसपा समेत कुल 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें दादर नगर हवेली सीट पर आठ और दमन और दीव सीट पर चार प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

3.71 लाख मतदाता

केंद्र शासित दादर नगर हवेली और दमन और दीव की दोनों सीटों के लिए 3.71 लाख मतदाता मतदान करेंगे। इसमें दादरा और नगर हवेली सीट पर 2.50 लाख तथा दमन और दीव) सीट पर 1.21 लाख मतदाता शामिल हैं। दमन और दीव लोकसभा सीट पर कुल 1,21,740 मतदाता है, जिसमें 60,743 पुरुष तथा 60,997 महिला मतदाता शामिल हैं। इस लोकसभा सीट की बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, जहां साक्षरता दर 87.07 प्रतिशत के करीब है। यहां की आबादी में अनुसूचित जाति 2.52 प्रतिश और अनुसूचित जनजाति 6.32 प्रतिशत है। दमन और दीव की कुल जनसंख्या लगभग 243,000 है, जिसमें 52 प्रतिशत पुरुष और 48 प्रतिशत महिलाएं हैं।

दादर नगर हवेली का चुनावी सफर

दादरा और नगर हवेली कांग्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण लोकसभा सीट है, जहां कांग्रेस ने सबसे ज्यादा जीत दर्ज की है। पिछला चुनाव निर्दलीय मोहनभाई डेलकर ने जीता था, लेकिन उनके निधन के बाद 2021 में हुए उपचुनाव में शिवसेना के टिकट उनकी पत्नी कलाबेन डेलकर सांसद बनी और इस बार भाजपा ने कलाबेन डेलकर को अपना प्रत्याशी बनाया है। दादर और नगर हवेली में 1967 में हुए लोकसभा चुनाव को कांग्रेस ने जीता था और 1971, 1977 और 1980 के चुनावों में अपना कब्जा बरकरार रखा। साल 1984 के चुनावों में निर्दलीय उम्मीदवार ने कांग्रेस का विजय रथ रोका और 1989 में निर्दलीय उम्मीदवार ही निर्वाचित होकर संसद पहुंचा। लेकिन 1991 के चुनाव में फिर कांग्रेस ने वापसी करते हुए 1996 का चुनाव भी कांग्रेस के पक्ष में ही गया। 1998 में पहली बार इस सीट पर भाजपा ने अपना खाता खोला, लेकिन 1999 के मध्यावधि चुनाव में यह सीट फिर से निर्दलीय प्रत्याशी के हिस्से में चली गई। जबकि 2004 के चुनावो में यहां भारतीय नवशक्ति पार्टी(बीएनपी) के प्रत्याशी मोहनभाई डेलकर विजेता बने। इसके बाद 2009 व 2014 में फिर इस सीट पर भाजपा काबिज हुई।

दमन और दीव भाजपा का गढ़

केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव में 1987 के दमन और दीव पुनर्गठन अधिनियम के तहत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के रुप में सृजित की गई। यहां अब तक दस बार लोकसभा चुनाव हुए हैं, जिनमें से भाजपा ने छह बार और कांग्रेस ने 4-4 बार जीत दर्ज की है। पहली बार 1987 में उपचुनाव कांग्रेस ने जीता, लेकिन साल 1989 और 1991 का चुनाव भाजपा के हिस्से में गया। 1996 में फिर इस सीट पर कब्जा किया, लेकिन फिर अगला चुनाव भाजपा ने जीता। 1999 व 2004 के चुनाव में इसी सीट पर फिर कांग्रेस काबिज हुई। इसके बाद 2004 से अब तक इस सीट पर भाजपा के लालूभाई पटेल सांसद हैं और इस बार वह चौथी बार लोकसभा पहुंचने की तैयारी में जुटे हैं।

खबर संक्षेप

दुबई में बनेगा सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

काहिरा। बड़ी-बड़ी शानदार इमारतें बनाने वाला संयुक्त अरब अमीरात अब दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनाने जा रहा है। इसका नाम अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा। रविवार को दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल-मकतूम ने 128 बिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से एक नए यात्री टर्मिनल बनाने को मंजूरी दे दी है। इसमें पांच समानांतर रनवे और 400 विमान द्वार होंगे।

केन्या में टूट गया बांध मची तबाही, 40 की मौत

नैरोबी। अफ्रीकी देश केन्या के पश्चिमी इलाके में एक बांध के टूटने से कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है। बांध के टूटने के बाद बाढ़ का पानी घरों में आ घुसा और एक प्रमुख सड़क से संपर्क कट गया। हालात बेकाबू हैं और लोगों तक मदद पहुंचाने की कोशिशें जारी हैं। यह घटना सोमवार की सुबह ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र के माई माहिउ इलाके में स्थित पुराने किजाबे बांध के ढहने के बाद हुई।

मालवणी जहरीली शराब त्रासदी में चार लोग दोषी

मुंबई (भाषा)। मुंबई की एक सत्र अदालत ने 2015 के जहरीली शराब त्रासदी मामले में सोमवार को चार आरोपियों को दोषी ठहराया और 10 अन्य को बरी कर दिया। इस घटना में यहां के मालवणी इलाके में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश स्वप्निल तौशिकर ने आरोपी राजू तपकर, डोनाल्ड पटेल, फ्रांसिस डिमेलो और मंसूर खान को दोषी पाया।

कई हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली (भाषा)। देशभर में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है, ऐसे में सोमवार को देश के दो बड़े हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि जयपुर और गोवा हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। सभी हवाई अड्डों की गहन जांच की जा रही है। जयपुर एयरपोर्ट पर अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

निलंबित पूजा सिंघल की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने झारखंड कैडर की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की धन शोधन के एक मामले में जमानत याचिका सोमवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि यह एक ''असाधारण मामला'' है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आईएएस की निलंबित अधिकारी को जमानत देने से इनकार करने के उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

पिकअप व मिनी ट्रक की भिड़ंत से 9 की मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के कठिया गांव में पेट्रोल पंप के पास बीती रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक पिकअप और मिनी ट्रक की जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में पांच महिलाओं और तीन बच्चों सहित 9 की मौत हुई है। जबकि गाड़ी में सवार अन्य 23 लोग घायल हो गए है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया है। स्वास्थ्य केंद्र और कुछ गंभीरव घायलों को राजधानी के एम्स में रेफर किया गया है।

समझौते के दबाव के बीच बाइडन-नेतन्याहू ने की बात

इजराइल-हमास में जल्द हो सकता है सीजफायर

नए समझौते में कोई दिक्कत नहीं: हमास

बंधकों की रिहाई से जंग नहीं रुकेगी: इजराइल

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल और हमास के बीच जंग के छह महीने बाद जल्द दूसरा सीजफायर हो सकता है। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक हमास ने इजराइली बंधकों को छोड़ने के समझौते पर अपनी सहमति जताई है। हमास ने कहा है कि उन्हें मिस्र और इजराइल के प्रपोजल से किसी भी तरह की परेशानी नहीं है।

वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी कहा है कि हमास को जल्द ही ऑफर स्वीकार कर लेना चाहिए। ब्लिंकन वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम में हिस्सा लेने के लिए सऊदी अरब पहुंचे थे। यहां उन्होंने हमास फिलिस्तीन के मुद्दे पर बात की। एक अधिकारी के हवाले से बताया कि जब तक इजराइल कोई दिक्कत पैदा न करें, हमास को मिस्र के प्रपोजल पर कोई खास परेशानी नहीं है। हमास के अधिकारी ने कहा कि सीनियर लीडर खलील अल-हैय्या के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 29 काहिरा में मिस्र और कतरी मीडिएटर्स के सामने प्रपोजल पर हमास का जवाब देगा।

रफह में 10 लाख से अधिक फलस्तीनियों ने शरण ली

समझौता करवाने में जुटे मिस्र, कतर और यूएस

मिस्र, कतर और अमेरिका साथ मिलकर हमास- इजराइल में सीजफायर करवाने की कोशिश कर रहे हैं। तीनों देशों ने शुक्रवार को प्रपोजल पर बातचीत करने के लिए एक हाई-लेवल डेलिगेशन इजराइल भेजा था।

नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट!

गाजा में इजराइली ऑपरेशन के दौरान बेगुनाहों के कत्लेआम के आरोप में इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट में इजराइल के खिलाफ चल रहे मुकदमे में पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है।

गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति बढ़ाई जाए : ब्लिंकन

रियाद। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पश्चिम एशिया की यात्रा शुरू करने के बाद कहा कि युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में मानवीय सहायता की आपूर्ति बढ़ाने के लिए इजराइल को और अधिक प्रयास करना चाहिए। करीब छह महीने पहले इजराइल-हमास युद्ध के शुरू होने के बाद से ब्लिंकन का इस क्षेत्र का यह सातवां राजनयिक दौरा है जिसमें वह इजराइल की यात्रा भी करेंगे। रियाद में खाड़ी सहयोग परिषद के विदेश मंत्रियों को संबोधित करते हुए ब्लिंकन ने कहा कि गाजा में मानवीय तबाही को कम करने का सबसे अच्छा तरीका एक संघर्षविराम समझौता है।

लाल सागर में कंटेनर पर मिसाइल हमला

यरुशलम (एपी)। यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में सोमवार को एक कंटेनर पोत को निशाना बनाकर कथित रूप से मिसाइल से हमला किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस अहम समुद्री मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय पोतों के खिलाफ उनके अभियान की कड़ी में नया हमला है। ब्रिटेन की सेना की 'यूनाइटेड किंगडम मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' ने कहा कि यह हमला यमन में मोखा के अपतटीय क्षेत्र में हुआ। इसके अलावा उसने और कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। उसने क्षेत्र से गुजरने के दौरान पोतों से सतर्कता बरतने का आग्रह किया। निजी सुरक्षा कंपनी 'अम्ब्रे' ने कहा कि माल्टा का ध्वज लगे कंटेनगर पोत को तीन मिसाइल के जरिए निशाना बनाया गया है। यह कंटेनर जिबूती से सऊदी अरब के जेद्दा की ओर जा रहा था। 'अम्ब्रे' ने कहा कि पोत को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि इसके सूचीबद्ध संचालक का इजराइल के साथ व्यापारिक संबंध है। हालांकि पोत के संचालक ने कहा कि पोत जिबूती में ही है और घटना में इसे निशाना नहीं बनाया जा सकता है। हूती ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है,लेकिन शक उनपर ही है।

भारत के विभाजन से पूर्वोत्तर का प्राकृतिक संपर्क टूट गया

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत के विभाजन से कई मायने में पूर्वोत्तर राज्यों का प्राकृतिक संपर्क टूट गया और राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों के कारण क्षेत्र के विकास पर असर पड़ा। जयशंकर दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज में 'दक्षिण पूर्व एशिया और जापान के साथ पूर्वोत्तर भारत का एकीकरण : आर्थिक संबंधों और पारिस्थितिक संरक्षण का संतुलन' विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। छात्रों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, ''भारत के विभाजन ने कई मायनों में उस प्राकृतिक संपर्क को तोड़ दिया जो पूर्वोत्तर के पास था। इसके परिणामस्वरूप, पूर्वोत्तर में जिस स्तर पर विकास होना चाहिए था, वह धीमा पड़ गया। विभाजन के बाद पहले कुछ दशकों में राजनीतिक बाधाओं और प्रशासनिक मुद्दों के कारण पूर्वोत्तर को वह लाभ नहीं मिला जो देश के अन्य हिस्सों को मिल सका।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर में मौजूदा आर्थिक स्थिरता मजबूत मोर्चे की ओर बढ़ रही है।

दिल्ली विव के किरोड़ीमल कॉलेज में जयशंकर बोले

सुको ने खारिज की नीट पीजी के लिए 'इंटर्नशिप कटऑफ' संबंधी याचिका

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने इस साल 23 जून को प्रस्तावित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पीजी में बैठने वाले अभ्यर्थियों के लिए 'इंटर्नशिप कट-ऑफ' विस्तारित करने संबंधी याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। सीजेआई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कुछ समय तक दलीलें सुनने के बाद कहा कि इस पर विचार नहीं किया जा सकता। सीजेआई ने कहा कि मेरा मतलब है कि जब कोई 'कट-ऑफ' होता है तो लोग एक विशेष रेखा के पक्ष में जाने के लिए बाध्य होते हैं।'पीठ ने आंध्रा के नेल्लोर निवासी याचिकाकर्ता रिद्धेश की याचिका को उन सक्षम प्राधिकारियों से बात करने की अनुमति दे दी, जिनके समक्ष इस संबंध में पहले अभ्यावेदन दिया गया था। पीठ ने कहा कि ये मुद्दे पूरी तरह से नीतिगत दायरे में आते हैं।

खालसा दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए

कनाडाई पीएम के सामने लगे खालिस्तान जिंदाबाद के नारे

टोरंटो(एजेंसी)। कनाडा के टोरंटो में रविवार को सिख समुदाय ने खालसा दिवस और सिखों का नव वर्ष मनाया। इस कार्यक्रम में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भी शामिल हुए। ट्रूडो के संबोधन के दौरान खालिस्तान जिंदाबाद के नारे भी सुनाई दिए। ट्रूडो ने कहा कि वे कनाडा में रह रहे 8 लाख सिखों के अधिकारों और स्वतंत्रता की हमेशा रक्षा करेंगे। कनाडा की सबसे बड़ी ताकतों में से एक इसकी विविधता है। ट्रूडो ने आगे कहा कि हम अपने मतभेदों के बावजूद एकजुट है। जब हम इस विविधता को देखते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि सिख समुदाय के मूल्य ही कनाडा के मूल्य है। गुरुद्वारों समेत सभी पूजास्थलों की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है।

जस्टिन ट्रूडो ने भाषण 'वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' के साथ शुरू किया

दोनों देशों के बीच फ्लाइट्स बढ़ाना चाहती ट्रूडो सरकार

ट्रूडो ने कहा कि मुझे पता है कि आप में से कई लोग भारत में मौजूद अपनों से ज्यादा बार मिलना चाहते हैं। हमारी सरकार भारत के साथ एक नए समझौते पर बातचीत की है। इससे हमारे देशों के बीच उड़ानों की संख्या बढ़ाई जाएगी। हम अमृतसर समेत भारत के बाकी हिस्सों को कनाडा से जोड़ने के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाने पर काम कर रहे हैं।

कनाड़ा के उप उच्चायुक्त को भारत ने तलब किया

भारत ने कनाडा के पीएम के एक कार्यक्रम में खालिस्तान के पक्ष में नारे लगाए जाने पर वहां के उप उच्चायुक्त को तलब किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की गहरी चिंता एवं आपत्ति जताई है। यह कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद, हिंसा को दी गई राजनीतिक जगह को दर्शाता है।

भारतीय नौका से 173 किलो मादक पदार्थ जब्त किया, दो हिरासत में

अहमदाबाद/नई दिल्ली(भाषा)। तटरक्षक बल ने गुजरात अपतटीय क्षेत्र में मछली पकड़ने वाली एक भारतीय नौका से 173 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है और उसमें सवार चालक दल के दो सदस्यों को हिरासत में ले लिया है। तटरक्षक बल ने अहमदाबाद में बताया कि बल और गुजरात के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने रविवार दोपहर संयुक्त अभियान में समुद्र से मछली पकड़ने वाली एक नौका को पकड़ा। इससे एक दिन पहले तटरक्षक बल ने एटीएस और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के साथ मिलकर एक पाकिस्तानी नौका से 600 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की थी। पाकिस्तानी नौका पर 14 लोग सवार थे। संयुक्त अभियान के दौरान नौका से 173 किलोग्राम हशीश बरामद की गई और उस पर सवार दो भारतीयों को हिरासत में ले लिया गया। 'एटीएस से खुफिया और पुख्ता जानकारी मिलने के बाद तटरक्षक बल ने रणनीति के तहत अपने पोत और विमानों को तैनात किया ताकि नौका समुद्र और हवा से की जा रही निगरानी से बचकर नहीं निकल सके।

पंजाब में 48 किलोग्राम हेरोइन बरामद, तीन लोग गिरफ्तार

चंडीगढ़ (भाषा)। पंजाब पुलिस ने सोमवार को पांच देशों में चल रहे अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 48 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से 21 लाख रुपये भी बरामद किए हैं। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा, ''2024 की सबसे बड़ी हेरोइन जब्ती: जालंधर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ किया।

राजस्थान से छह और लोग गिरफ्तार

जोधपुर (भाषा)। राजस्थान में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) और आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह से जुड़े होने के सिलसिले में छह और लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 45 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने सिरोही जिले में मादक पदार्थ बनाने वाले चौथे अड्डे का भंडाफोड़ किया है। एनसीबी के उप महानिदेशक (अभियान) ज्ञानेश्वर के मुताबिक, 27 अप्रैल को राजस्थान-गुजरात में मादक पदार्थ बनाने वाले तीन अड्डों का भंडाफोड़ किया था।

मुख्यमंत्री लंबे समय तक अनुपस्थित नहीं रह सकते यह राष्ट्रहित के खिलाफ : दिल्ली उच्च न्यायालय

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि केजरी का गिरफ्तारी के बावजूद सीएम पद पर बने रहने का फैसला 'निजी' है; लेकिन इसका अभिप्राय यह नहीं है कि स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों के मौलिक अधिकारों को रौंद दिया जाए। उच्च न्यायालय ने कहा कि केजरी की अनुपस्थिति एमसीडी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकों, लेखन सामग्री और वर्दी के बिना पहला सत्र पूरा करने की अनुमति नहीं देती। अदालत ने कहा कि दिल्ली जैसी व्यस्त राजधानी ही नहीं किसी भी राज्य में मुख्यमंत्री का पद कोई औपचारिक पद नहीं है। यह एक ऐसा पद है जहां पदधारक को बाढ़, आग और बीमारी जैसी प्राकृतिक आपदा या संकट से निपटने को सातों दिन 24 घंटे उपलब्ध रहना पड़ता है।

तिहाड़ में दिल्ली के सीएम से मिलीं सुनीता केजरीवाल और आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने तिहाड़ जेल में उनसे मुलाकात की। आप) के अनुसार, सुनीता केजरीवाल को सोमवार को अपने पति से मिलने की अनुमति दे दी गई। पार्टी ने दावा किया कि पहले तिहाड़ जेल प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी। जेल में केजरी से मुलाकात के बाद आतिशी ने संवाददाताओं से कहा कि जब मुख्यमंत्री से कुशलक्षेम पूछी गयी तो उन्होंने इस बारे में बात करने के बजाय यह सवाल किया कि क्या स्कूली बच्चों को किताबें मिल रही हैं और क्या मोहल्ला क्लीनिक में दवाइयां पहुंच रही हैं? आप' ने कहा था कि जेल अधिकारियों ने संगीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री से मिलने की अनुमति नहीं दी है। तिहाड़ के अधिकारियों ने इस आरोप को खारिज कर दिया था। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान मंगलवार को अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करेंगे।

कीटनाशक होने के चलते कार्रवाई की थी

मसालों में टायफॉइड वाले बैक्टीरिया के चलते अमेरिका ने एंट्री को रोका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असली मसाले सच-सच, एमडीएच-एमडीएच! महाशियान दी हट्टी यानी एमडीएच की टैगलाइन भले ही असली मसाले बेचने की बात कहती हो, लेकिन फिलहाल ऐसा लग रहा है कि सच जैसा कुछ है नहीं। हाल ही में सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग ने भारतीय ब्रांड एवरेस्ट और एमडीएच पर मसालों में कीटनाशक होने के चलते कार्रवाई की थी। और अब ऐसा लगता है कि मसाला संकट बढ़ता जा रहा है। अब यूनाइटेड स्टेट्स द्वारा भी एमडीएच मसालों पर कार्रवाई का मामला सामने आया है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) से मिली जानकारी से खुलासा हुआ है कि अमेरिका ने अब तक एमडीएच एक्सपोर्ट का करीब एक तिहाई हिस्सा खारिज कर दिया। जबकि अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच इनकार की दर 15 फीसदी थी।

दोनों गंभीर रूप से थे बीमार

वायुसेना ने दो मरीजों को लेह से चंडीगढ़ पहुंचाया

एक हादसे का शिकार और दूसरा हृदय संबंधी समस्या से पीडित था

भाषा ▶▶ चंडीगढ़/नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना ने गंभीर रूप से बीमार दो मरीजों को एएन-32 विमान के जरिए लेह से चंडीगढ़ पहुंचाया। वायुसेना ने रविवार को यह जानकारी दी।

इन मरीजों में से एक को हृदय संबंधी समस्या है। वायुसेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए कहा कि भारतीय वायुसेना और स्थानीय नागरिक प्रशासन की योजना एवं त्वरित कार्यान्वयन ने दो लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उसने कहा कि मरीजों को निकालने का अनुरोध मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए एक एएन-32 परिवहन विमान से, गंभीर रूप से बीमार दो मरीजों को इलाज के लिए लेह से चंडीगढ़ पहुंचाया गया।' वायुसेना ने बताया कि इनमें से एक मरीज सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ था और दूसरे मरीज को हृदय संबंधी समस्याएं हैं। वायुसेना ने निकासी की प्रक्रिया के दौरान विमान की तस्वीरें भी साझा कीं।

भाजपा नेता देवराज गौड़ा ने किया दावा

पेनड्राइव में मिले 2976 अश्लील वीडियो, की जाती थी 'ब्लैकमेलिंग'

हासन(एजेंसी)। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में भाजपा नेता ने एक बड़ा खुलासा किया है। भाजपा नेता ने दावा किया है कि उन्हें अश्लील वीडियो में भरी एक पेनड्राइव पहले मिली थी, जिसके बारे में प्रदेश अध्यक्ष को सूचित किया गया था। इस पूरे विवाद में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और सांसद प्रज्वल रेवन्ना का नाम सामने आ रहा है, जिसने कर्नाटक की सियासत में खलबली मचा दी है। साल 2024 में होलनरसीपुरा में भाजपा उम्मीदवार रहे देवराज गौड़ा ने प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को पत्र लिखा था। देवराज का कहना था कि पेनड्राइव में कुल 2976 वीडियो हैं और इनमें से नजर आ रहीं कुछ महिलाएं सरकारी अधिकारी हैं।

एस्ट्राजेनेका कोविड वैक्सीन से हो सकते हैं साइड इफेक्ट्स

शरीर में खून के थक्के जमने से ब्रेन स्ट्रोक, कार्डियक अरेस्ट की आशंका

नई दिल्ली(एजेंसी)। ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका कोविड वैक्सीन को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। इसे बनाने वाली एस्ट्राजेनेका ने यूके हाईकोर्ट में दिए गए अपने अदालती दस्तावेजों में पहली बार माना है कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन से थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) जैसे दुर्लभ साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। बता दें एस्ट्राजेनेका वैक्सीन को कई देशों में कोविशील्ड और वैक्सजेवरिया ब्रांड नामों के तहत बेचा गया था। टीटीएस शरीर में खून के में खून के थक्के जमने की वजह बनती है। बॉडी में ब्लड क्लॉट बनने के चलते व्यक्ति को ब्रेन स्ट्रोक, कार्डियक अरेस्ट होने की आशंकाएं बढ़ जाती है। इसके अलावा यह सिंड्रोम बॉडी में प्लेटलेट्स गिरने का एक कारण भी बन सकती है।

वैक्सीन को लेकर दायर हुआ था मुकदमा: बता दें कि एस्ट्राजेनेका कंपनी को क्लास-एक्शन मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। इस मुकदमे को जेमी स्कॉट नाम के शख्स ने ने दायर किया, जो अप्रैल 2021 में यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के साथ मिलकर बनाई गई एस्ट्राजेनेका वैक्सीन लेने के बाद ब्रेन डैमेज का शिकार हुए थे।

एस्ट्राजेनेका कंपनी का यूके हाईकोर्ट में कबूलनामा

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25